जबलपुर
शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-14
- वर्ष : 19, अंक : 80
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रूपये

मौसम
अधि. 31
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बजट से पहले बाजार बमबम

## सेंसेक्स ने तोड़ा रिकॉर्ड पहली बार 81000 पार



**नई दिल्ली।** देश में आम बजट आने वाला है और 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में इसे पेश करेंगी। वहीं, बजट से पहले शेयर बाजार भी बम-बम नजर आ रहा है। मार्केट के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा। एक ओर जहां पूरे दिन के कारोबार के दौरान इसकी चाल बदलती रही, तो वहीं एक दी दिन में सेंसेक्स और निफ्टी ने बार-बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा।

**मोहन कैबिनेट के फैसले :** मप्र में लागू होगी नई क्लाउड पॉलिसी-2024, क्लाउड सेवाओं के लिए भारी भरकम राशि नहीं करनी होगी खर्च

# एटीएम में पैसा भरने वाली एजेंसियों पर सख्ती, कैश ले जाने वाले वाहन में 5 से ज्यादा लोग नहीं होंगे, कोताही बरती तो लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल इंडिया के बढ़ते कदम के तहत मप्र कैबिनेट ने गुरूवार को एक बड़ा निर्णय लिया। इसके तहत क्लाउड सेवाओं के लिए बाहर की किसी कंपनी को अलग से पैसा नहीं देना होगा। अभी क्लाउड सेवाओं के लिए निजी व अन्य सरकारी कंपनियों को भारी भरकम राशि अदा की जाती है। सभी सेवाओं को राज्य स्तर पर करना भी सरकार के बूते ही बात नहीं है। इसलिए, सरकार अब अपनी क्लाउड पॉलिसी-2024 के तहत डेटा सेंटर स्थापित करेगी। इसमें सभी का सरकारी डेटा रखा जा सकेगा। कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मप्र कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

*स्मार्ट पीडीएस के क्रियान्वयन को मंजूरी, बैकलॉग व कैरीफारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए चलेगा विशेष भर्ती अभियान*



### क्लाउड मॉनिटरिंग यूनिट (सीएमयू) स्थापित होगी

मप्र क्लाउड पॉलिसी-2024 के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से विभागों को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। क्लाउड सेवाओं के भुगतान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को बजट उपलब्ध कराया जाएगा। एमपीएसईडीसी से विभागों को क्लाउड सेवाएं देने से विभागों की ओर से सीधे सेवाएं क्रय करने, डेटा सेंटर स्थापित करने और स्वयं क्लाउड सेवाओं को प्राप्त करने में होने वाले व्यय में बचत होगी।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर 8.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे

कैबिनेट ने स्मार्ट-पीडीएस (स्कीम फार मॉडर्नाइजेशन एंड रिफॉर्म थ्रू टेक्नोलॉजी इन पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) को राज्य में लागू करने के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 8.35 करोड़ रुपए 3 वर्ष में खर्च किए जाएंगे।

### बैकलॉग के 10 हजार पद भरे जाएंगे

कैबिनेट ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा निः शक्तजनों के बैकलॉग/कैरीफारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा में एक जुलाई 2024 से 30 जून, 2025 तक एक वर्ष की वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जान्हवी कपूर को फूड पॉइजनिंग, हुईं भर्ती



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर को कथित तौर पर फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को अभिनेत्री को कमजोरी महसूस होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर उन्होंने अपने काम को भी टाल दिया है। बुधवार को कमजोरी और बेचैनी महसूस हो रही थी, जिसकी वजह से वह बिस्तर पर थीं।

### आईसीसी अध्यक्ष का पद संभालेंगे जय शाह?



**कोलंबो।** आईसीसी का चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार से कोलंबो में होना है। इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा होनी है, बीसीसीआई सचिव जय शाह को लेकर इस बैठक में गंभीर चर्चा हो सकती है। चर्चा तेज है कि जय शाह न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले के बाद क्रिकेट की वैश्विक संस्था का अध्यक्ष पद संभाल सकते हैं।

### बाइडेन कोरोना संक्रमित पाए गए



**नई दिल्ली।** दुनिया के कई देशों में एक बार फिर से कोरोनावायरस संक्रमण के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। लास वेगास में एक सम्मेलन में भाषण से पहले उनका कोविड टेस्ट किया गया, जिसमें वह संक्रमित पाए गए। व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी है।

इसी 22 जुलाई को आ सकता है अंतिम फैसला

नीट में गड़बड़ी से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में तीसरी सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : नीट रिजल्ट कल दोपहर 12 बजे तक घोषित करें

**ये दो निर्देश भी**

**01** रिजल्ट सेंटरवाइज और सिटीवाइज होना चाहिए

**02** रिजल्ट अपलोड करते वक्त उम्मीदवार की पहचान जाहिर न की जाए



केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन

- पहले 8 जुलाई और फिर 11 जुलाई को सुनवाई हुई थी
- एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि छात्र सिर्फ शहर बदल सकते हैं

*शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अगर 1 लाख 8 हजार लोगों को एडमिशन मिलता है, बाकी 22 लाख लोगों को दाखिला नहीं मिलता तो इसका मतलब ये तो नहीं कि पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाए?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा रद्द होगी या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को भी फैसला नहीं हो सका। अभ्यर्थियों को अभी और इंतजार करना होगा। गुरुवार को भी 4 घंटे सुनवाई चली। इस दौरान अदालत ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह सभी कैंडिडेट्स के रिजल्ट शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर अपलोड करे। रिजल्ट सेंटरवाइज और सिटीवाइज होना चाहिए।



जेबी पारदीवाला | सीजेआई चंद्रचूड़ | मनोज मिश्रा

### कितने छात्र दोबारा नीट परीक्षा की मांग कर रहे?

अदालत ने कहा कि 131 छात्र दोबारा परीक्षा चाहते हैं। 254 छात्र दोबारा परीक्षा के खिलाफ है। दोबारा परीक्षा चाहने वाले 131 छात्र ऐसे हैं, जो एक लाख आठ हजार के अंदर नहीं आते और दोबारा परीक्षा का विरोध करने वाले 254 छात्र एक लाख आठ हजार के अंदर आते हैं। अगर 1 लाख 8 हजार लोगों को एडमिशन मिलता है, बाकी 22 लाख लोगों को दाखिला नहीं मिलता तो इसका मतलब ये तो नहीं कि पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाए?

### 45 मिनट के अंदर गड़बड़ी को दिया गया अंजाम

सीजेआई ने कहा कि आपके अनुसार छात्रों को सुबह 10.15 बजे पेपर बांटे गए। इसमें 180 प्रश्न थे। क्या ऐसा हो सकता है कि सुबह 9.30 से 10.15 बजे के बीच पेपर के सभी सवाल हल कर लिए गए हों? इसके बाद अगले 45 मिनट में छात्रों को यह जवाब बांट दिए गए।

### कोर्ट ने उम्मीदवारों के एग्जाम सेंटर बदलने पर एनटीए से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा- 23.33 लाख में से कितने छात्रों ने अपना एग्जाम सेंटर बदला? इस पर एनटीए ने जवाब दिया कि करेक्शन के नाम पर छात्रों ने सेंटर बदला है। 15,000 छात्रों ने करेक्शन विंडो का इस्तेमाल किया था। हालांकि, एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि छात्र सिर्फ शहर बदल सकते हैं।

**कोर्ट रूम में क्या हुआ?**

### अदालत ने कहा- हम संतुष्ट नहीं हुए तो रद्द कर देंगे परीक्षा

- **सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता :** नीट मामले को शुक्रवार को सुना जा सकता है
- **सीजेआई चंद्रचूड़:** सुनवाई गुरुवार को शुरू करते हैं। हम नीट मामले पर सबसे पहले सुनवाई करेंगे, क्योंकि लाखों छात्र फैसले का इंतजार कर रहे हैं।
- **याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील नरेंद्र हुड्डा :** हमें सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट नहीं दी गई है।
- **सीजेआई चंद्रचूड़:** हालांकि हम पारदर्शिता की वकालत करते हैं। मगर सीबीआई जांच चल रही है। अगर सीबीआई ने हमें जो बताया है उसका खुलासा होता है, तो यह जांच को प्रभावित करेगा।

यूपी के गोंडा-मनकापुर रेलखंड के बीच रेल हादसा



**चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे, चार यात्रियों की मौत, 14 जख्मी**

## लोको पायलट का 'दावा'- हादसे से पहले तेज धमाके की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

गोंडा जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस ( 15904) के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग जख्मी हो गए हैं। ट्रेन चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए। लोको पायलट का दावा है कि हादसे से ठीक पहले तेज धमाके की आवाज आई थी। इस लोको पायलट का नाम त्रिभुशन है ।

- हादसे की अब साजिश के एंगल से जांच शुरू

ट्रेन चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। हादसे के बाद कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

- लखनऊ 8957409292
- गोंडा 8957400965
- सीवान 9026624251
- छपरा 8303979217
- देवरिया सदर 8303098950

इंदौर के खजराना मंदिर में शुद्धिकरण

### 14 लोगों ने की घर वापसी सभी को मिले नए नाम

**इंदौर।** यहां एक बार फिर 14 लोगों ने घर वापसी करते हुए सनातन धर्म को अपनाया। खजराना में पहले शुद्धिकरण के लिए पूजन हुआ। इसके बाद सभी ने खजराना गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की। घर वापसी के बाद सभी को नए नाम भी मिले। इससे पहले भी 30 लोगों की घर वापसी हुई थी। सनातन धर्म को अपनाने वालों में 12 लोग खजराना क्षेत्र और 2 लोग मंदसौर के हैं। सभी ने कहा कि वे सनातन को अपनी मर्जी से अपना रहे हैं।




- शाजिया बनी सपना, अदनान बने आरव

चांदीपुरा वायरस का कहर जारी

### 3 राज्यों में 19 मौतें 4 बच्चों की गई जान

**राजकोट।** गुजरात में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित मरीजों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार को राजकोट में 3 और पंचमहल जिले में 1 बच्चे की मौत हो गई। इस तरह पिछले 8 दिनों में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। अब तक राज्य के 13 जिलों में चांदीपुरा वायरस के 31 संदिग्ध केस सामने आए है, इनमें से 5 बच्चों का इलाज चल रहा है। सभी केसों में लक्षण एक जैसे हैं इसलिए सभी मौतें चांदीपुरा वायरस से होने की संभावना जताई जा रही है।



- गुजरात राजस्थान और मप्र में भी केस

पांच पन्नों के सुसाइड नोट में खुलासा

### बंदरिया बोलकर उड़ाते थे मजाक, बैंककर्मी ने दी जान

**गाजियाबाद।** यहां एक प्राइवेट बैंक में मजाक उड़ाए जाने से दुखी एक रिलेशनशिप मैनेजर ने खुदकुशी कर ली है। मौत से पहले उसने पांच पन्नों के सुसाइड नोट में बताया कि किस तरह उसे परेशान किया जा रहा था। दुखी होकर उसने इस्तीफा भी दिया था लेकिन इसे नामंजूर करते हुए टर्मिनेट कर दिया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद अकरम को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र के घूकना स्थित हरी नगर में रहने वाली शिवानी ने 12 जुलाई को जहर खाकर खुदकुशी कर ली।



- बैंक सहकर्मी ही आरोपी गिरफ्तार

## दिग्विजय सिंह बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने जूता फेंका

थाना परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सुंदरकांड

**सारंग के खिलाफ 'एफआईआर' कराने पहुंचे कांग्रेसियों का भाजपा कार्यकर्ताओं से टकराव**




*भोपाल। नर्सिंग कॉलेज घोटाले को लेकर गुरुवार को राजधानी के अशोका गार्डन थाने में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में टकराव हो गया। मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर करने की मांग लेकर कांग्रेस ने नरेला विधानसभा से अशोका गार्डन थाने तक पैदल मार्च किया। इस दौरान जब कांग्रेसी थाने पहुंचे तो पहले से ही मौजूद भाजपा के कार्यकर्ताओं से टकराव हो गया।*

बजरंग दल ने की शिकायतः माहौल खराब करने की कोशिश

# खंडवा और राजगढ़ में मोहर्रम के जुलूस में फिलीस्तीन के झंडे लहराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में निकाले गए मोहर्रम जुलूस में खंडवा और राजगढ़ सहित कुछ स्थानों पर असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने की कोशिश की और फिलीस्तीन के झंडे लहराए। सोशल मीडिया पर भी इस तरह का वीडियो वायरल हो रहा ह। वीडियो आने के बाद हिंदू संगठनों ने विरोध दर्ज कराया है। पीएचक्यू के इंटेलीजेंस शाखा के अफसरों का कहना है कि स्थानीय पुलिस संदिग्धों को चिन्हित कर धरपकड़ में जुटी है।

स्थानीय पुलिस संदिग्धों को चिन्हित कर धरपकड़ में जुटी



### उज्जैन में मोहर्रम के जुलूस में भगदड़

इधर,उज्जैन जिले में मोहर्रम के जुलूस में प्रतीकात्मक घोड़े (बड़े साहब) को कंधे पर लेकर लोग दौड़ रहे थे। अचानक प्रतीकात्मक घोड़ा एक ओर झुक गया और उसके नीचे लोग दब गए। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। हादसे के बाद भी जुलूस में शामिल पीछे वाले लोग दौड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। इन्हें काबू करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

जबलपुर में होने वाली द्वितीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए तैयारियां जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकौशल क्षेत्र के उद्यमियों से किया वर्चुअल संवाद

# 'निवेश प्रोत्साहन' को प्राथमिकता देते हुए राज्य शासन 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में सहयोग के लिए प्रत्येक स्तर पर काम कर रही है। विकास के मापदंड में रोजगार के साथ उद्योगों व घरेलू जरूरतों के लिए बिजली, पानी के साथ ही प्रत्येक वह कदम उठा रही है जो आम लोगों के लिए जरूरत का हो। इसी को ध्यान में रखकर योजना अनुसार कार्य शुरू किया गया है।

### रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव उद्योग और व्यापार को करेगा प्रोत्साहित

स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार रोजगारमूलक उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

**कृषि, रोजगार, व्यापार और पर्यटन क्षेत्र में मिलेगा रोजगार**



डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचलों में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फर्नीचर क्लस्टर, खाद्य प्र-संस्करण और माइनिंग में पर्याप्त संभावनाएं

डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर जिले में 5 विकसित औद्योगिक क्षेत्र और एक विकासाधीन औद्योगिक क्षेत्र 640 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर स्थित है, जिसमें 514 एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। जबलपुर में विकसित किए गए आईटी पार्क में भी रोजगार की बहुत संभावनाएं मौजूद हैं।

# ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना अपराध नहीं माना जा सकता

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का दिया हवाला

## कर्नाटक हाई कोर्ट ने की टिप्पणी, 'अवैध' वीडियो या तस्वीर को शेयर करना गलत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखने को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम( आईटी एक्ट) में अपराध नहीं कह सकते। कर्नाटक हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। असल में एक मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी का जिक्र किया।

इसमें कहा गया कि अगर किसी ने सिर्फ चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखी है, उसके खिलाफ केस दर्ज नहीं हो सकता, जब तक उस वीडियो या तस्वीर को शेयर नहीं किया जा रहा, उसे आईटी एक्ट के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।

कोर्ट ने कहा देखने मात्र से मामला दर्ज नहीं किया सकता




**वीडियो को शेयर करना अपराध**

अब कर्नाटक हाई कोर्ट का यह फैसला मायने रखता है क्योंकि देश में कई मौकों पर ऐसे ही केस दर्ज हो जाते हैं जहां पर किसी ने पोर्नोग्राफी वीडियो देखी हो। लेकिन अब जब अदालत ने साफ कहा है कि जब तक ऐसे वीडियो को शेयर न किया जाए, इसे अपराक्ष की श्रेणी में नहीं लाया जा सकता है।

### बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने इनायतुल्लाह पर किया था केस दर्ज

बताया जा रहा है कि पिछले साल इनायतुल्लाह नाम के युवक पर आरोप लगा था कि उसने 50 मिनट तक अपने फोन पर बच्चों की अश्लील तस्वीरें देखीं। उसने पोर्न वीडियो देखी। इस घटना के दो महीने बाद बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 बी के तहत शिकायत दर्ज कर ली, फिर उसी शिकायत को इनायतुल्लाह को चुनौती दी।

### आवेदक के वकील ने कहा उसने प्रचार-प्रसार नहीं किया

उसके वकील ने कोर्ट ने साफ कहा कि उसके क्लाइंट को बच्चों के पोर्न वीडियो देखने की लत है, लेकिन उसने कभी भी ऐसे वीडियो को शेयर या उसका प्रसार नहीं किया है। इसी तर्क के आधार पर केस को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान दूसरा पक्ष लेकिन दलील देता रहा कि इस शख्स चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखी है और उसके खिलाफ एक्शन होना चाहिए। लेकिन हाई कोर्ट ने पूरे मामले को सुनने के बाद शिकायत रद्द करने का फैसला लिया है।

### *अदालत ने कहा आवेदक ने अश्लील तस्वीरें न बनाई, न ही शेयर की*

*कोर्ट ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी में लिखा कि अगर कोई शख्स बच्चों की अश्लील तस्वीरें तैयार करे, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शेयर करे, तब उसे दंडित किया जा सकता है। लेकिन यहां आवेदक ने कोई पोर्नोग्राफी नहीं बनाई है, उसने किसी को शेयर भी नहीं किया है, सिर्फ देखा है। इसे आईटी एक्ट में अपराध नहीं मान सकते हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान का हिस्सा गिरा, 4 की मौत

**चंपारण।** पूर्वी चंपारण के ढाका थाना क्षेत्र के लहन ढाका में गुरुवार को भीषण हादसे में मौके पर 4



लोगों की मौत हो गई। यह सभी एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलने के दौरान अचानक गिरे मलबे में दब गए। अस्पताल पहुंचाए जाने पर उन्हें तत्काल डॉक्टरी सहायता नहीं मिली और इन्हें वहां मृत घोषित करने की औपचारिकता ही हुई।

### ट्रेनी आईएएस पूजा की मां पुणे में गिरफ्तार


**पुणे।** आईएएस पूजा खेडकर की नियुक्ति को लेकर देशभर में घमासान मचा हुआ है। अब इस



मामले में एक और नया पहलू सामने आया है। पूजा के बाद अब उनके माता-पिता मुश्किलों में घिर गए हैं। उनकी मां मनोरमा को गुरुवार सुबह पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसान को धमकी देने का आरोप लगा है।

### नशीली दवाओं का 51.4 करोड़ का सामान जब्त

**सूरत।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते ने सूरत शहर के बाहरी इलाके में एक 'मेफेड्रोन' (मादक



पदार्थ) निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। 4 किलोग्राम मेफेड्रोन और 31.4 किलोग्राम कच्चा माल बरामद किया गया। एटीएस ने कहा कि सुनील , विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया है।

### खेलो इंडिया-2 का उद्घाटन करेंगे मांडविया


**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के साथ ही सरकार के महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया



राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में नए सिरे से बढ़ावा मिलने वाला है। वे शुक्रवार को नई दिल्ली में इस पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे।

### राजस्थान के नया 'डॉन' का 3 मंजिला बंगला ध्वस्त

**भरतपुर।** राजस्थान के डीग जिले में पुलिस ने एक साइबर क्राइम के आरोपी दाऊद खान के घर पर



बुलडोजर चला दिया है। दाऊद पर कोटा और डीग जिलों में साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज हैं और वह काफी समय से फरार था। पुलिस ने उसके खिलाफ ऑपरेशन 'एंटी वायरस' के तहत यह कार्रवाई की है। दाऊद पुत्र निसार रायपुर सुकेती गांव का रहने वाला है।

---

उत्तर प्रदेश में उप-चुनाव में सभी 10 सीटें जीतने की मशक्कत

# योगी सरकार ने 30 मंत्रियों को मैदान में उतारा, 3-3 विस क्षेत्रों की दी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से झटका खाने के बाद विधानसभा उपचुनाव में भाजपा किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती है। उपचुनाव वाली सभी 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा रणनीति तैयार कर रही है। बड़ी तैयारी भी कर ली है।

सभी 10 सीटों पर योगी सरकार के 30 मंत्रियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई मैनपुरी की करहल और अवधेश प्रसाद के इस्तीफे से खाली हुई अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर 4-4 मंत्रियों को मैदान में उतारा गया है। उपचुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है।

लोक सभा चुनाव के बाद भाजपा नहीं छोड़ना चाहती कोई कसर



### *योगी ने रणनीति पर चर्चा की*

*कुछ सीटों पर 4 मंत्रियों को भी जिम्मेदारी मिली है। इन मंत्रियों के साथ योगी ने बैठक में रणनीति पर चर्चा की, हालांकि अभी तक उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि अगले महीने इन सीटों पर चुनाव हो सकता है।*

**किस सीट पर किसे दी जिम्मेदारी**

- ▶▶ करहल: इस सीट पर जयवीर सिंह और योगेंद्र उपाध्याय के साथ राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह को उतारा गया है।
- ▶▶ मिल्कीपुर: इस सीट पर कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही के साथ राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, गिरीश यादव और सतीश शर्मा कुल 4 मंत्रियों को जिम्मेदारी मिली है।
- ▶▶ मीरापुर: मीरापुर सीट पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के साथ केपी मलिक को जिम्मेदारी दी है।
- ▶▶ कुंदरकी: यहां कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ तीन राज्य मंत्रियों जेपीएस राठौर, जसवंत सैनी, गुलाबदेवी को जिम्मा दिया गया है।
- ▶▶ गाजियाबाद: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ बृजेश सिंह और कपिलदेव अग्रवाल को जिम्मेदारी मिली है।
- ▶▶ खैर: कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के साथ संदीप सिंह को लगाया गया है।
- ▶▶ फूलपुर: कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह को जिम्मेदारी मिली है।
- ▶▶ कटेहरी: कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और संजय निषाद , दयाशंकर मिश्र को जिम्मा मिला।
- ▶▶ मझवां: कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल ,रविंद्र जासवाल और रामकेश निषाद ।
- ▶▶ शीशामऊ: कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल को जिम्मा मिला है।

अखिलेश का 'मानसून ऑफर'

### 100 को लाओ और सरकार बनाओ



यहां भाजपा में घमासान के बीच अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य की भूमिका को लेकर चुटकी ली है। यादव ने पोस्ट कर कहा, 'मानसून ऑफर: सौ लाओ, सरकार बनाओ!' यादव ने किसी भी भाजपा नेता का नाम नहीं लिया है लेकिन माना जा रहा है कि ये पोस्ट भाजपा के पिछड़ों के नेता कहे जाने वाले केशव मौर्य के लिए ही है। मौर्य लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से कई बार दिल्ली के चक्कर लगा चुके हैं।

### *भाजपा में चल रही कुर्सी की लड़ाई*

*यादव ने पोस्ट कर कहा कि यूपी भाजपा में कुर्सी की लड़ाई चल रही है। इस वजह से उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम बीजेपी दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए बीजेपी अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।*

### यूपी में नहीं होगी गुंडाराज की वापसी: मौर्य



इससे पहले मंगलवार को केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख पर निशाना साधा था।मौर्य ने कहा था कि अखिलेश, भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मजबूत संगठन और सरकार है। सपा का पीडीए धोखा है। यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 दोहराएगी।

---

1,392 करोड़ रुपए का बैंक घोटाला

# ईडी ने दिल्ली समेत 5 शहरों के 15 ठिकानों पर मारा छापा

सीबीआई भी कर रही धोखाधड़ी की जांच




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को बैंक घोटाला मामले में राजधानी दिल्ली समेत 5 शहरों में छापा मारा है। ईडी की टीम 1392 करोड़ रुपए के बैंक घोटाला से जुड़े मामले में 15 ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है।

केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम ने दिल्ली, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़ और जमशेदपुर में 15 लोकेशन पर छापा मारा है। ईडी की टीम महेंद्रगढ़ के विधायक रावदान सिंह के आवास पर सुबह-सुबह छापेमारी के लिए पहुंची। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को भी ईडी की टीम के साथ देखा गया। दरअसल ईडी की ये छापेमारी बैंक घोटाले मामले में महेंद्रगढ़ के विधायक रावदान सिंह एवं उनके परिवार और अन्य लोगों के खिलाफ की जा रही है। इस बैंक धोखाधड़ी की जांच का जिम्मा ईडी के साथ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी सौंपा गया है।

### कंपनी के जरिए धोखाधड़ी की

मेसर्स अलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड नाम की एक कंपनी महेंद्रगढ़ विधायक रावदान सिंह और उनके परिवार से जुड़ी हुई है। इस कंपनी के जरिए 1392 करोड़ रुपए का लोन लिया गया, जिसे नहीं लौटाया गया। सीबीआई ने इस मामले में कंपनी एवं उसके प्रमोटर्स समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। ईडी इस मामले में अलग से प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

### हुड्डा के करीबी बताए जा रहे राव

हरियाणा के महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी राव दान सिंह के घर पर ईडी ने गुरुवार सुबह चार बजे छापामारी की कार्रवाई की है। ईडी की टीम राव दान सिंह के शंकर कॉलोनी स्थित भाई राव रामकुमार के घर और रेवाड़ी रोड स्थित फार्म हाउस पर पहुंची। दोनों जगह सुरक्षा बल तैनात किया गया था बताया गया कि राव रामकुमार को-आपरेटिव सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन रहे हैं। फिलहाल ईडी की तरफ से भी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

---

भाजपा ने उठाया पीएम मोदी पर आक्रामक टिप्पणियों का मुद्दा

# असहमति का सभी को अधिकार लेकिन इससे हिंसा बढ़े वह अमान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में पिछले हफ्ते चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हमला किया गया। इस हमले में वह बाल-बाल बच गए।

इस हमले के बाद भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी पर किए गए आक्रामक टिप्पियों का मुद्दा उठाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। यहां असहमति का अधिकार है, लेकिन ऐसी असहमति, जिससे हिंसा हो यह सही नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा गया।

भाजपा नेता रविशंकर और सुधांशु ने विपक्ष पर साधा निशाना



### *उन्होंने इसका प्रमाण भी दिया*

*रविशंकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने एक अखबार में लेख लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि जिस तरह से पीएम मोदी पर निशाना साधा गया है, उससे उन पर हिंसा बढ़ सकती है। इसका सबूत भी है। 2013 में पटना में उन पर हमला हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। पंजाबमें उनका रास्ता बदल दिया गया। इस दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई बार राहुल गांधी भी गैर जिम्मेदाराना बयान दे देते हैं।*

### हरियाणा में गठबंधन खत्म, सभी 90 सीटों पर लड़ेगी आप

**चंडीगढ़।** आप हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रदेश में सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने चंडीगढ़ में ये ऐलान किया। मान ने कहा कि आप एक राष्ट्रीय पार्टी है। जब हमने गुजरात में 14 प्रतिशत वोट हासिल किए तब से हम आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पार्टी बने। हमारी 2 राज्यों में सरकार है। गुजरात और गोवा में हमारे विधायक हैं।



### गोवा में भूस्खलन...सड़क पर भरा मलबा



**पणजी।** गोवा में भूस्खलन के बाद सड़क पर मिट्टी का ढेर देखा गया। पुलिस ने कहा कि लगातार बारिश के बाद गुरुवार तड़के गोवा की दक्षिणी सीमा पर स्थित अनमोद घाट पर दूधसागर मंदिर के पास भूस्खलन हुआ, जिससे राज्य से पड़ोसी कर्नाटक तक वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई।

---

लोकसभा चुनाव परिणाम से बढ़ा दोनों पार्टियों का हौसला

# कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विधान सभा उप चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में जिस तरह से राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी ने कमाल किया। उसके बाद यूपी के लड़कों की इस जोड़ी के हौसले काफी बुलंद हैं।

यही वजह है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस ने रणनीति अभी से तैयार करनी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो कांग्रेस और सपा के बीच आगामी उपचुनाव चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। ऐसे में 10 में से 7 सीटों पर सपा चुनाव लड़ सकती है जबकि कांग्रेस 3 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी।

10 में से 7 सीटों पर सपा के लड़ने की खबर



**कांग्रेस ने भी की पुष्टि**

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। संसद सत्र के खत्म होने के बाद दोनों दलों के शीर्ष नेता आपस में मिलेंगे और सीटों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में भी सपा के लिए कुछ सीटें छोड़ सकती है। यूपी में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उसमे से 5 सीटों पर पहले सपा, 3 पर भाजपा और 1-1 पर आरएलडी और निषाद पार्टी का कब्जा था, लेकिन अब ये सीटें खाली होने के बाद इन पर फिर से चुनाव होने जा रहा है।

### भाजपा को करनी होगी बड़ी तैयारी



अगर कांग्रेस और सपा इन उपचुनावों में साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो इससे भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। इन दोनों पार्टियों की साथ आने से भाजपा को बड़ी चुनौती मिल सकती है। कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का उद्देश्य अपने वोट बैंक को मजबूत करना है और भाजपा के खिलाफ अपनी ताकत को बढ़ाना है। यह रणनीति हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में काफी सफल रही थी।

---

मोतिहारी में हादसा

# सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 4 मजदूरों की गई जान, हंगामा

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

बिहार के मोतिहारी में दर्दनाक हादसा हो गया है। शौचालय के टंकी का सेंट्रिंग खोलने के दौरान 4 लोगों की मौत हो गई है। सेंट्रिंग के दौरान बेहोशी की हालत में चारों को ढाका अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां इनकी मौत हो गई।

लोगों ने इलाज में लापरवाही के कारण मौत होने का आरोप लगाकर अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की है। हंगामा को देखकर चिकित्सक और चिकित्साकर्मी फरार हो गए। हालांकि लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलने



के बाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोग पुलिस के तरफ भी लपक पड़े, फिर आक्रोशित लोगों का हुजूम चिकित्सा प्रभारी के घर पहुंचा और वहां जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस जब वहां पहुंची तब लोग पत्थरबाजी करने लगे, उसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया।

भारत के दो तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट जंगी जहाज रूस में तैयार हो रहे हैं, जिनमें से एक जल्द ही आ सकता है। भारतीय नेवी के लगभग 200 कर्मी इस समय रूस में हैं, जो इस जहाज की स्वीकृति परीक्षण कर रहे हैं। दूसरा जहाज 2025 की शुरुआत में आ सकता है।

पाकिस्तान और चीन की बढ़ेगी टेंशन

# भारत के लिए खतरनाक जंगी जहाज बना रहा है रूस, जल्द मिलेगी महाविनाशक युद्धपोतों की खेप



एजेंसी ▸▸ मॉस्को

भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो जहाज रूस में तैयार किए जा रहे हैं। ये तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट जहाज हैं। 2.5 बिलियन डॉलर की लागत से इन्हें बनाया जा रहा है। रूस के कलिनिनग्राद में यह यंतर शिपयार्ड में बनाए जा रहे। पहले शिपयार्ड का नाम तुशिल और दूसरे का तमाल है। दो स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले तुशि की स्वीकृति परीक्षण के लिए इंडियन नेवी के लगभग 200 कर्मी इस समय रूस में मौजूद हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पहला जहाज सितंबर के मध्य तक भारत में आ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार 'तमाल' अगले साल की शुरुआत में भारत को सौंपा जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि रूस के साथ समझौते के तहत गोवा शिपयार्ड में बनाए जा रहे दो और युद्धपोत प्रगति पर हैं।

### जल्द ही लॉन्च होगा पहला जहाज

*इसमें से भी पहला जहाज जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। दोनों जहाजों की डिलीवरी मूल रूप से 2022 के अंत में होनी थी। लेकिन कोविड संकट और यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद भुगतान न हो पाने के कारण इसमें देरी हुई है। देरी का एक खास कारण यूक्रेन के जोर्या-मशप्रोएक्ट से गैस टरबाइन इंजन की खरीद थी। 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जे के बाद यूक्रेन से इंजन आयात करना बंद कर दिया था।*

### क्या है खासियत

- *ये युद्धपोत समुद्र में 59 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलने में सक्षम है।*
- *इस युद्धपोत पर 18 अधिकारियों के साथ 180 सैनिक 30 दिन तक समुद्र में तैनात रह सकते हैं।*
- *यह एक स्टील्थ युद्धपोत है। यानी इसे रडार से ट्रैक करना मुश्किल है। पानी के नीचे का शोर बेहद कम होता है, पनडुब्बियां इनका जल्दी पता नहीं लगा सकतीं।*
- *जहाज गैस टरबाइन इंजन के जरिए चलता है।*
- *जहाज खतरनाक हथियारों से लैस है। यह जमीन से हवा में मार - करने वाली मिसाइल हैं।*



### रूस-भारत का हुआ था समझौता

अब तक तलवार क्लास के 7 युद्धपोत बन चुके हैं। 6 एक्टिव हैं। चार नए जंगी जहाज बनाए जा रहे हैं। दो रूस में और दो भारत में बनेंगे। इन जंगी जहाजों का समंदर में डिस्प्लेसमेंट 3850 टन है। भारत ने चार तलवार श्रेणी के जहाजों के लिए रूस के साथ एक अंतर-सरकारी समझौता किया था और इस डील पर 2018 में हस्ताक्षर किया गया था। समझौते के मुताबिक दो जहाज पूरी तरह रूस में बनेंगे। वहीं दो जहाज रूस के तकनीकी सहयोग से भारत के गोवा शिपयार्ड में बनाए जाएंगे। यंतर शिपयार्ड ने छह तलवार के छह एक्टिव युद्धपोतों में से तीन का निर्माण किया है।

## खबर संक्षेप

### चीन के शॉपिंग मॉल में लगी आग, 16 की मौत



**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। आग बुधवार देर रात को सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर में 14 मंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी। जानकारी के अनुसार, अग्निशमन कर्मियों और बचाव दल ने 75 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इमारत के निचले हिस्से में आग लगी, जिसमें एक डिपार्टमेंटल स्टोर, कार्यालय, रेस्तरां और एक मूवी थियेटर है।

### मोस्ट वांटेड विश्नोई इटली में गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने पहली बार विदेश में एक गैंगस्टर को गिरफ्तार करवाया है। यह पुलिस की ऐसी पहली कार्रवाई है, जब राजस्थान पुलिस की सूचना पर इटली पुलिस ने एक्शन लिया है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर इटली पुलिस ने 8 जुलाई को मोस्ट वॉटेड अमरजीत सिंह विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार यह सूचना अब सार्वजनिक की गई है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जो बठिंडा जेल में बंद है ।

भारत ने मॉरीशस में खोला पहला सेंटर

## अब विदेशों में भी बजेगा भारतीय जनऔषधि केंद्र की दवाओं का डंका



एजेंसी ▸▸ पोर्ट लुई

भारतीय जनऔषधि परियोजना का न सिर्फ भारत में बल्कि अब विदेशों में भी डंका बजने लगा है। देश भर के मरीजों को सस्ती जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने वाला भारतीय जन औषधि केंद्र का अब मॉरीशस तक विस्तार किया गया है।

इसके तहत मॉरीशस में पहला भारतीय जन औषधि केंद्र खोला गया है, जो वहां के लोगों को सस्ते में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराएगा। इस केंद्र को खोलने का वादा पीएम मोदी ने किया था। इसके बाद अब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया है। बता दें कि जयशंकर 16 से 17 जुलाई तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। इस दौरान मॉरीशस के लोगों के लिए सस्ती दवाओं वाला यह जन औषधि केंद्र समर्पित किया गया। उद्घाटन के मौके पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी मौजूद रहे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन "दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग" का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स थापित किए गए हैं।

### जयशंकर ने कहा पीएम मोदी ने पूरा किया वादा

*विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।*

जल्द ही आतंकियों का होगा सफाया

# कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो आतंकी किए ढेर, डोडा में भी सर्च ऑपरेशन जारी

*जम्मू-कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के सीमांत क्षेत्र केरन में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया।*





एजेंसी ▸▸ जम्मू

उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने यहां दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है, जो नियंत्रण रेखा से घुसपैठ कर प्रदेश में अशांति फैलाने के इरादा रखे हुए थे। सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। उधर, जम्मू संभाग के जिला डोडा में भी मुठभेड़ हो रही है। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षाबल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है। बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। डोडा में सोमवार से आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। डोडा में चार दिनों में ये तीसरी मुठभेड़ है, लेकिन अभी सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिल पाई है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन जवान डटे हुए हैं।

### सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन



कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति सीडीएस की बृहस्पतिवार को बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक बैठक में देश के ताजा सुरक्षा हालातों पर चर्चा की गई है। साथ ही जम्मू में पिछले कुछ वक्त में बढ़ते हुए आंतकी हमलों को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की गई है। बता दे कि बैठक में आतंकियों पर कड़े प्रहार की तैयारी को लेकर चर्चा की गई है।

करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर सीडीएस ने कहा

### रक्तपात से सीखे सबक सेना में समाहित रहने चाहिए



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर कहा कि किसी भी युद्ध में देश और उसके लोगों की नियति को हमेशा के लिए बदलने की क्षमता होती है। सैनिकों के बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए, जैसा कि करगिल युद्ध के साथ हुआ। करगिल युद्ध की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि रक्तपात से सीखा गया सबक हमारी सेना में समाहित रहने चाहिए। युद्ध, युद्ध-पद्धति का तेजी से विकास हो रहा है।

### सेना के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और लिया जायजा

ऑपरेशन का जायजा लेने के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारी गुरुवार को मौके पर पहुंचे हैं। इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में चार घंटे के अंतराल में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच दो बार गोलीबारी हुई है। डोडा जिले के एक जंगल में गुरुवार तड़के आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है।

### सेना ने पीर पंजाल की पहाड़ियों में शुरू किया 'सर्प विनाश' ऑपरेशन

जम्मू संभाग के डोडा जिले में एक कर्नल और तीन जवानों की शहादत के बाद सेना ने सीमा पार से घुसपैठ करके जंगलों में छिपे आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए ऑपरेशन 'सर्प विनाश' शुरू कर दिया है। कश्मीर घाटी के सपाट इलाकों को छोड़कर इस बार आतंकवादियों ने पीर पंजाल की दक्षिणी पहाड़ियों में नया ठिकाना बनाया है। यहां के घने जंगलों की प्राकृतिक गुफाओं और सुरंगों में छिपकर आतंकी लगातार सेना को निशाना बना रहे हैं। पीर पंजाल की दक्षिणी पहाड़ियों में बड़ी-बड़ी चट्टानों से सुरंग और गुफाएं बनी हैं।

अब तक 19 मृतकों को खोजा गया

## नेपाल बस हादसे में अभी तक सिर्फ 4 भारतीयों के शव बरामद

एजेंसी ▸▸ काठमांडू



नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है।

यूएस में हुआ बड़ा एक्शन

## भारतीय छात्रा कंडुला की मौत के मामले में हंसने वाला अधिकारी बर्खास्त हुआ

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क/सिएटल



अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थीं, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन के टक्कर मारने के बाद कंडुला 100 फुट दूर जा कर गिरी थी। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी 'बॉडीकैम फुटेज' में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि 'ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर 'चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा।

भारत ने की एडवाइजरी जारी

## बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसा, 6 लोगों की हुई मौत



एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में पिछले 5 दिनों से आरक्षण खत्म करने की मांग को विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इसको रोकने के लिए सड़कों पर सेना को तैनात कर दिया है। पुलिस के साथ झड़प में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 400 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजधानी ढाका में आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में एक बच्चे समेत छह लोगों को गोली लगी है। हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं।

### बेवजह घरों से न निकलें हेल्पलाइन नंबर जारी

*इस बीच भारत ने वहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें बेवजह घरों से बाहर न निकलने को कहा है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि बांग्लादेश में चल रही स्थिति को देखते हुए, बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और छात्रों को यात्रा से बचने और अपने आवासीय परिसर से बाहर कम से कम आने-जाने की सलाह दी जाती है।' दूतावास ने किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे जारी रहने वाला आपातकालीन नंबर भी दिए हैं। भारतीय नागरिक उच्चायोग ढाका के नंबर +880-1937400591 और भारतीय सहायक उच्चायोग, चटगांव +880-1814654797 / +880-1814654799 पर संपर्क कर सकते हैं।*

यूएनएससी की खुली बहस में राजदूत रवींद्र ने कहा

# विश्व संस्था की बहुपक्षीय प्रणाली नाकाम, वजह यह अभी भी 1945 के नजरिए में फंसी

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से उसके सुधार पर समयबद्ध बातचीत के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया है। भारत ने स्पष्ट तौर पर प्रमुख देशों और समूहों द्वारा परिषद के तंत्र में हेरफेर को बहुपक्षीय भावना के लिए 'हानिकारक' बताया है। बता दें, चीन नहीं चाहता कि सुरक्षा परिषद में सुधार हों और भारत को इसका स्थायी सदस्य बनने का मौका मिले। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत आर रवींद्र ने सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा कि विश्व संस्था के बहुपक्षीय प्रणाली के नाकाम रहने का प्राथमिक कारण इसका अभी भी 1945 के पुराने नजरिए में फंसा होना है। यह सुरक्षा परिषद की संरचना में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। इसलिए, सुधारित बहुपक्षवाद पर भारत की स्थिति का मूल, सुरक्षा परिषद में सुधार के आह्वान में निहित है, जो समकालीन वास्तविकताओं को



प्रतिबिंबित करता है। सुधारों पर समयबद्ध वार्ता के लिए पुनः प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए, आर रवींद्र ने कहा, बड़े देशों या समूहों द्वारा अपने संकीर्ण हित में बातचीत प्रक्रियाओं और तंत्रों में तोड़फोड़ की जा रही है। यह बहुपक्षीय भावना के लिए हानिकारक है और जहां भी जरूरी हो, इसका विरोध होना चाहिए।

### विकास साझेदारी से शांति-निर्माण में जुटा भारत

सैन्य सलाहकार कर्नल आशीष भल्ला ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि भारत ने हमेशा शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ व्यापक विकास साझेदारी के माध्यम से शांति स्थापना में अपनी भागीदारी निभाने को तत्पर है। 'शांति निर्माण आयोग की रिपोर्ट' पर संयुक्त बहस में भारत का वक्तव्य देते हुए कर्नल भल्ला ने कहा- शिक्षा, शांति-निर्माण के लिए एक प्रमुख घटक है और शांति बनाए रखने में भारत ने हमेशा शांति स्थापना तथा शांति निर्माण दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### चुनौतियों के जवाब में संयुक्त राष्ट्र असमर्थ

*भारतीय दूत ने कहा कि हम एक और विश्व युद्ध रोक सकते हैं, लेकिन यह आतंकवाद, महामारी, जलवायु परिवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियों से पैदा खतरों व साइबर हमलों जैसी जटिल वैश्विक चुनौतियों का जवाब देने में संयुक्त राष्ट्र की असमर्थता को नहीं छिपाता है।*

### लाभों को समेकित करना आवश्यक

*कर्नल भल्ला ने कहा, भारत की विकासात्मक परियोजनाओं का संचयी मूल्य अब 40 अरब डॉलर से अधिक है। उन्होंने 2023 की पीबीसी रिपोर्ट को आयोग द्वारा की गई सकारात्मक पहल का प्रमाण बताया। सैन्य सलाहकार कर्नल भल्ला ने कहा, हमारा मानना है कि इन लाभों को और अधिक चर्चा के साथ समेकित करने की आवश्यकता है।*

**खबर संक्षेप**

### देवर्षि नारद जयंती समारोह आज

**भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र की ओर से 19 जुलाई को देवर्षि नारद जयंती समारोह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। समागम केंद्र वृंदावन गार्डन नर्मदापुरम रोड में शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे से शुरू होने समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव और मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशवंत इंद्रपुरकर होंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक पुनर्जागरण और मीडिया की भूमिका पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

### न सीपीआई इंडेक्स जारी हुआ न हुई वेतन वृद्धि

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 22 जुलाई 2023 को नवीन संविदा नीति में सातवें वेतनमान के अनुसार वित्त विभाग संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के लिऐ प्रति वर्ष 1 अप्रैल को सीपीआई इंडेक्स जारी किया जाएगा और वेतन वृद्धि की जाएगी। बावजूद इसके तीन माह बीतने के बाद भी वित्त विभाग ने ना तो सीपीआई इंडेक्स जारी किया है और ना ही वेतन वृद्धि के आदेश जारी किए गए है। यह आरोप मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने लगाए है। रमेश राठौर ने सीपीआई इंडेक्स और वेतन वृद्धि आदेश जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संविदा कर्मचारिओ को सीपीआई और वेतन वृद्धि के आदेश जारी करने की गुहार लगाई गई है। राठौर ने बताया कि सीपीआई इंडेक्स और वेतन वृद्धि नहीं करने से संविदा कर्मचारियों को प्रतिमाह दो से आठ हजार रूपए का घाटा हो रहा है।

### तेंदुए की बीमारी से मौत होने की आशंका

**भोपाल।** वन मंडल बुरहानपुर के तहत बुधवार को वन परिक्षेत्र नावरा के राजस्व ग्राम नया खेरा की पहाड़ी पर मादा तेंदुआ का शव मिला। जानकारी मिलने पर मौके पर पशु चिकित्सकों का 3 सदस्यीय दल पहुंचा। परीक्षण में पाया गया कि मृत मादा तेंदुआ के समस्त अंग सुरक्षित है। पशु चिकित्सकों ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में तेंदुए की मृत्यु बीमारी से होने की संभावनाएं बताई गई है।

---

उप मुख्यमंत्री ने किया अक्षय पात्र की रसोई का अवलोकन

# डिप्टी सीएम शुक्ल ने किया वृंदावन चंद्रोदय मंदिर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को वृंदावन की यात्रा की। इस अवसर पर उन्होंने वृंदावन चंद्रोदय मंदिर का भ्रमण किया और अक्षय पात्र की रसोई का अवलोकन किया।

**मंदिर की भव्यता धार्मिक महत्ता और प्रबंधन की सराहना की**

यात्रा के दौरान शुक्ल का स्वागत विशेष रूप से मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, आचार्य रतन दास ने शॉल ओढ़ाकर किया। शुक्ल ने वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की भव्यता और धार्मिक महत्त्व का अवलोकन करते हुए मंदिर के प्रबंधन की सराहना की। यह मंदिर दुनिया का सबसे ऊंचा मंदिर है, जिसकी ऊंचाई लगभग 700 फीट है। मंदिर का निर्माण आधुनिक और पारंपरिक वास्तुकला का मिश्रण है, जिसमें हिंदू धार्मिक कथाओं और सांस्कृतिक धरोहरों का समावेश किया गया है। इसके बाद, शुक्ल ने अक्षय पात्र की रसोई का दौरा किया, जो लाखों बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अक्षय पात्र के प्रयासों की सराहना की और इस नेक कार्य में योगदान करने का संकल्प लिया।





**राज्य सरकार हर संभव सहायता देगी: राजेंद्र**



उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वृंदावन चंद्रोदय मंदिर और अक्षय पात्र दोनों ही स्थान न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि समाज की सेवा में भी अग्रणी हैं। इनका योगदान अतुलनीय है और हम सभी को इनके कार्यों से प्रेरणा लेना चाहिए। यात्रा के दौरान शुक्ल ने मंदिर और अक्षय पात्र के प्रबंधकों से मुलाकात की और उनकी भावी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इन संस्थानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस अवसर पर कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने शुक्ल का स्वागत किया और उनके साथ इस यात्रा के महत्वपूर्ण क्षणों को साझा किया।

---

अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जाएगा

# गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में हो निराकरण, 31 अगस्त तक चलेगा महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। इसमें जिले के अधिकारियों की देखरेख में किसानों और आमजन की सहुलियत के लिए पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

इस अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जाएगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व मंत्री करन वर्मा ने बताया कि राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वरिष्ठ राजस्व अधिकारी करेंगे मैदानी क्षेत्र का दौरा

राजस्व महा अभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। वे राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे। इसके साथ ही दौरे के समय मौके पर ही शिकायतों का निराकरण कराएंगे। यदि संबंधित पटवारी या अन्य कर्मचारी की कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो वे सख्त कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया है कि दिक्कत आ रही है तो मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचित करने के साथ ही पत्रचार भी करें।

### विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिनों में किया जाएगा

#### युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जाएगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

#### राजस्व विभाग ने लक्ष्य निर्धारित किया

राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरूस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

---

राजस्थान के जल संसाधन मंत्री ने किया मध्यप्रदेश का दौरा

# सिंचाई के क्षेत्र में मप्र के नए प्रयोग को गुजरात सरकार भी अपनाएगी

**मंत्री सिलावट से गुजरात के जल संसाधन मंत्री बावलिया ने की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में सिंचाई के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोग को गुजरात सरकार भी अपनाएगी। इसके तहत गुजरात सरकार के अधिकारी उन परियोजनाओं का दौरा कर रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसमें मप्र सरकार को बड़ी सफलताएं मिली है। इसमें भी मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता में लिया गया है। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री व जल संसाधन) डॉ. राजेश राजौरा ने इसका एक विस्तृत खाका तैयार किया है। इस आधार पर परियोजनाओं का अध्ययन किया जाएगा।

गुजरात के जल संसाधन मंत्री कुंवरजी भाई मोहन भाई बावलिया ने बुधवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने दोनों राज्यों की सिंचाई परियोजनाओं और आपसी सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। गुजरात के मंत्री बावलिया ने कहा कि सिंचाई के



क्षेत्र में मप्र नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां की मोहनपुरा कुंडलिया और केन बेतवा लिंक परियोजनाएं न केवल भारत में अपितु विश्व की सिंचाई परियोजना में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

उन्होंने बताया कि मैं यहां मध्यप्रदेश की मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और अन्य परियोजनाएं देखने आया हूं। सिंचाई के क्षेत्र में मध्य प्रदेश में किए जा रहे नित नए प्रयोगों को गुजरात सरकार भी अपनाएगी।

### पीएम मोदी शीघ्र केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करने आएंगे

मंत्री सिलावट ने बताया की मप्र में सिंचाई क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन करने के लिए मध्यप्रदेश आने वाले हैं। यह परियोजना प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल देगी। मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज्ड पाइप सूक्ष्म सिंचाई परियोजना विश्व की अनूठी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के लिए मप्र को केंद्र सरकार से पुरस्कृत भी किया गया है। इन परियोजनाओं की वजह से आज मप्र का सिंचाई का रकबा बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य वर्ष 2025 तक इसे 65 लाख हेक्टेयर और वर्ष 28-29 तक इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है।

#### गुजरात की साबरमती रिवरफ्रंट और अन्य योजनाएं देखने आने का न्यौता

गुजरात के जल संसाधन मंत्री बावलिया ने सिलावट को गुजरात की साबरमती रिवरफ्रंट व अन्य योजनाएं देखने का आमंत्रण भी दिया और गांधी आश्रम की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। इस मौके पर मप्र के जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान और अन्य जल संरक्षण और संवर्धन संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने इस संबध में एक पुस्तिका भी भेंट की। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता शिरीष मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी की खबर सुनकर बैंक के चक्कर काट रहे पीड़ित

# 24 खाताधारकों के बैंक अकाउंट से 1 करोड़ 88 लाख का गबन करने वाले ब्रांच मैनेजर का दूसरा सहयोगी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ के कुरुद में एचडीएफसी बैंक में लोगों के खातों से लगभग दो करोड़ रुपए गबन करने वाले बैंक मैनेजर श्रीकांत टिनेटी के सहयोगी तेजेंद्र साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साथी तेजेंद्र साहू ने बताया कि, इसने पहले ब्रांच मैनेजर के खाते और उसकी पत्नी के खातों में ट्रांसफर किए फिर लगभग 1 करोड़ 6 लाख रुपए ऑनलाइन जुए में उड़ा दिए। आरोपी तेजेंद्र के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही सुबह से लोग थाना पहुंचने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि, कुरूद स्थित एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टिनेटी और उसके साथी तेजेंद्र साहू ने बैंक के 24 खाता धारकों के खाते से एक करोड़ 88 लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए थे। जिसकी जानकारी खाताधारकों को चेक बाउंस होने, खाते में रकम ना होने आदि के माध्यम से हुई। जिस पर पीड़ित खाताधारक अपने पैसों के लिए बैंक का चक्कर लगाने लगे। ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेटी और उसके सहयोगी तेजेंद्र साहू को अपने किए गए फर्जीवाडे के खुलासा होने का अंदेशा होते ही वह दोनों फरार हो गए। जिस पर पीड़ित खाताधारक दर्जनों बार बैंक का चक्कर लगा लगाकर थक हारते हुए कुरूद पुलिस थाने का रुख किया।



#### एक माह बाद पकड़ाया शातिर आरोपी

कुरूद थाना प्रभारी ने पीड़ितों के आवेदन और बैंक डिटेल्स पर काम करते हुए 24 पीड़ित खाताधारकों के खाते से 1 करोड़ 88 लाख रुपए के फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कर लिया। जिसके पुलिस ने उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेटी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन तेजेंद्र साहू पूरे एक महीने बाद पुलिस की गिरफ्त में आया।

#### स्पेशल और साइबर टीम से रखी जा रही थी निगाह

कुरूद थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया कि, कुरूद नगर स्थित एचडीएफसी बैंक के 24 पीड़ित खाता धारकों की शिकायत और बैंक प्रबंधन से प्राप्त जानकारी पर दोनों ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत के दौरान से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। जिसमें से मुख्य आरोपी ब्रांच मैनेजर श्रीकांत टीनेती को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस स्पेशल टीम और साइबर टीम की मदद से दूसरे आदमी पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसे आज घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया है।

---

### हिंसा की जांच के लिए एक सदस्यीय जांच टीम महकोनी दास गुफा पहुंची

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के गिरोदपुरी धाम में छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग के नाम पर अमर दास गुफा के जैतखाम को क्षति पहुंचाई गई थी। जिसके बाद समाज ने छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता निर्देशक के ऊपर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई गई थी। लेकिन इसके बाद सतनामी समाज ने षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की थी। जिसके बाद सरकार ने रिटायर्ड न्यायाधीश सीबी बाजपेयी की अगुवाई में एक सदस्यीय जांच टीम महकोनी गुफा पहुंच चुकी है। जहां पहुंचते ही उन्होंने जैतखाम के पुजारी से तोड़फोड़ के मामले में बातचीत की। उसके बाद सभी पक्षकारों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा।

### गृहमंत्री शाह से सीएम ने की सौजन्य भेंट...



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

### किसान से क्लर्क ने मांगी रिश्वत, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

छग के कोंडागांव जिले में क्लर्क का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में राजस्व विभाग का क्लर्क अर्जुन नेताम 500-500 के कुछ नोट लेते दिख रहा है। वह यह भी कह रहा है कि, साहब लोग डिमांड करते हैं इसलिए लेना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक, एक किसान जमीन का रिकॉर्ड निकालने के लिए फरसगांव तहसील कार्यालय पहुंचा था। इसके लिए क्लर्क ने उससे पैसे मांगे। किसान ने 16 जुलाई को उसे पैसे देते हुए वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि किसान ने पहले यह वीडियो किसी पटवारी को दिया, फिर पटवारियों के ग्रुप में वायरल किया। यहां से वीडियो अधिकारियों के संज्ञान में आया।

---


मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर कार्य योजना हुई तैयार

# क्षिप्रा के घाट श्रद्धालुओं के लिए बनेंगे सुविधायुक्त, निरंतर बना रहेगा जल-प्रवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी में जल-प्रवाह को निरंतर बनाएं रखने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बैराजों का निर्माण किया जाएगा। कान्ह नदी के व्यपवर्तन से प्रदूषण को रोका जा सकेगा। क्षिप्रा नदी पर श्रद्धालुओं की स्नान सुविधा के लिए, सुविधाजनक घाटों का निर्माण होगा। घाटों के निर्माण में लगने वाले पत्थर और अन्य सामग्री का चयन विशेषज्ञों की ओर से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं को व्यापक अध्ययन और शोध के बाद कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्माण एजेंसियों को हिदायत दी है कि कार्य योजना के सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक किये जाए। ध्यान रखा जाए कि क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो।



#### श्रद्धालुओं को आचमन और स्नान में नहीं होगी कोई असुविधा

क्षिप्रा के जल को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों और क्षिप्रा नदी पर 18 बैराजों का निर्माण इंदौर, उज्जैन और देवास जिले में प्रस्तावित है। इससे सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह बना रहेगा। क्षिप्रा नदी पर स्नान के बेहतर प्रबंध किए जा सकेंगे। कार्य योजना में क्षिप्रा नदी में सेवरखेड़ी बैराज से मानसून के समय जल का उद्वहन करते हुए 51 मिलियन घन मीटर जल, पूर्व निर्मित सिलारखेड़ी जलाशय के विस्तारीकरण से भरे जाने की व्यवस्था की जाएगी। इससे मानसून के अलावा अन्य मौसमों में भी क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाहित होता रहेगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आचमन और स्नान इत्यादि में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

#### इन घाटों पर श्रद्धालुओं को मिलेंगी पर्याप्त सुविधाएं

प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार उज्जैन में शनि मंदिर से वीआईपी घाट तक 1500 मीटर, वीआईपी घाट से जीवनखेड़ी ब्रिज तक 7175 मीटर, जीवनखेड़ी ब्रिज से वाकणकर ब्रिज तक 3810, वाकणकर ब्रिज से गऊघाट स्टॉपडेम तक 2938 मीटर, चक्रतीर्थ से ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज तक 1590 मीटर, भर्तृहरि गुफा और सिद्धवट से नागदा बायपास तक 11442 मीटर और शनि मंदिर से गोठडा बैराज तक 760 मीटर इस तरह कुल लगभग 29 हजार 215 मीटर की लम्बाई में घाटों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे।

---

### अवैध शराब की फैक्ट्री का खुलासा, पुलिस ने की छापामार कार्रवाई, आरोपी फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

छग के बिलाईगढ़ जिले के जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। यहां बड़ी मात्रा में महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा था। इसकी जानकारी जब आबकारी विभाग को मिली तब आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक ने अपनी टीम के साथ मौके पर छापामार कार्रवाई की, लेकिन इस कार्रवाई की भनक पहले से आरोपियों को लग गई जिसकी वहज से सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक ने बताया कि बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवा क्षेत्र में स्थित ग्राम रनकोट चौकी बेलादुला के जंगल में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना मिली। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छापामार कार्रवाई की गई। घंटों तक चली इस कार्रवाई में दो स्थानों से आबकारी विभाग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी।

# मुख्यमंत्री कल क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 3500 से अधिक निवेशक होंगे शामिल

जबलपुर।

मध्यप्रदेश में संतुलित और समतापूर्ण विकास की यात्रा आगे बढ़ाते हुए, राज्य सरकार कल शनिवार 20 जुलाई 2024 को सुबह 09:00 बजे से संस्कारधानी-जबलपुर में 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र' में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन) आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। नवाचारी सम्मेलन का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक साथ लाकर, सार्थक चर्चा करके सहयोग को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों, नौकरशाहों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। आरआईसी में वैधनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ और दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे। आरआईसी में ताईवान, मलेशिया, यूके, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअली 60 से अधिक इकाईयों का उद्घाटन करेंगे और कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों के साथ आमने-सामने चर्चा करेंगे। विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### क्षेत्र विशेष में निवेश पर विस्तृत चर्चा

क्षेत्र की संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल है। उद्योग संघों, स्टार्टअप्स और रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ गोलमेज चर्चा भी होगी। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता बैठकें और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्सपो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को भव्य व गरिमामय बनायें : कमिश्नर वर्मा

संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्थल नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एण्ड इन्फॉर्मेशन सेंटर का अवलोकन कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी आमंत्रित उद्यमियों के लिये समुचित व्यवस्थाओं सुनिश्चित करें ताकि उन्हें कॉन्क्लेव में असुविधा न हो। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र, विभिन्न सेक्टोरल सेशन, वन टू वन मीटिंग, प्रदर्शनी, बायर सेलर मीट, सांस्कृतिक प्रोग्राम, मीडिया सेंटर, स्वागत सत्कार व उनके भोजन आदि व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने एमपीआईडीसी के अधिकारियों से कहा कि वे कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थायें एक दिन पूर्व सुनिश्चित कर लें। साथ ही ब्रांडिंग व व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। निवेशकों को समुचित जगह तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था हो। कार्यक्रम की सफलता के लिये जो बेहतर हो सकता है वह करें और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को भव्य व गरिमामय रूप प्रदान करें।





# दिन भर उमस के बाद शाम को बारिश ने दी राहत

## मानसून कमजोर, नहीं दे रहा उम्मीदों की बारिश

**जबलपुर**। एक-एक दिन बारिश के इंतजार में बीत रहा है। पिछले एक पखवाड़े से स्थिर मानसून आगमन की आहट की मौसम विभाग ने पुष्टि की है, तब से बारिश नदारत है। बादल छाते हैं, लेकिन बरसते नहीं हैं। छुटपुट बूंदाबांदी से मन बहलाकर बारिश निकल जाती है। बादलों के छाने से उमस भरी गर्मी जनजीवन को बेचैन कर रही है। कल शाम भी ऐसी ही हुआ दिन भर उमस रही और शाम को हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल मानसून दक्षिणी मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय है और अब पूर्वी-मध्यप्रदेश में मानसून के सक्रिय होने की उम्मीद बन गई है। फिलहाल दिन और रात का तापमान औसत से ऊपर चल रहा है तो रात का तापमान औसत पर स्थिर बना हुआ है। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अब मानसूनी-बारिश की उम्मीद की जा रही है। बंगाल की खाड़ी में बना हवा के कम दबाव का क्षेत्र उड़ीसा होते हुये मध्यप्रदेश आ सकता है। दक्षिणी हवाओं के कारण उमस बढ़ी। तो रात में पूर्वी हवाओं ने राहत दी। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 25.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 87 प्रतिशत और सायंकाल 64 प्रतिशत आंकी गई। सूर्येदय सुबह 5.36 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.58 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 5 से 6 fकिलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान मात्र 10.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 288.08 मिमी दर्ज की गई है।



# मदन महल स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल चौकी का शुभारंभ

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल के मदन महल रेलवे स्टेशन पर रेलवे द्वारा बनाए गए नवनिर्मित रेल सुरक्षा बल चौकी का शुभारंभ आज गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर के साथ ही जबलपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मोहम्मद मुनव्वर खान, के साथ ही अन्य शाखा अधिकारी सर्वजेपी सिंह, मनीष कुमार पटेल, विवेक कुमार गुप्ता, सुबोध विश्वकर्मा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रामबदन मिश्रा,अक्षय कुमावत,गुन्नार सिंह, बद्रिका प्रसाद कुशवाहा ,इरफान मंसूरी ,आरती यादव, नाजनीन मंसूरी के साथ ही रेलवे अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। अपने संबोधन में शील ने कहा कि जबलपुर रेल मंडल द्वारा इस अत्याधुनिक पुलिस चौकी से स्टेशन स्टेशन परिसर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के द्वारा इस चौकी से मॉनिटरिंग की जाएगी एवं स्टेशनों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ ही इस उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर द्वारा नवनिर्मित आर पी एफ चौकी मदन महल को 10,000 रुपए परितोषण की घोषणा की गई । नव निर्मित आर पी एफ चौकी मदन महल प्लेटफॉर्म 1 में बनाया गया है जिसमें प्रभारी कक्ष ,रोजनाम्चा कक्ष ,सीसीटीवी कक्ष, कार्यालय ,अभियोजन कक्ष ,बंदी गृह ,अतिथि कक्ष के साथ महिला रूम भी बनाया गया है। समारोह के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक को पौधा देकर स्वागत किया गया तथा समारोह के अंत मे सभी रेल अधिकारियों के द्वारा परिसर मे वृक्षारोपण किया गया।

## आयोग ने नगर निगम से प्रतिवेदन मांगा

# 5 वार्डों में गंदा पानी पीने मजबूर रहवासी

**जबलपुर**। शहर के नगर निगम भानतलैया जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले पाँच वार्ड के लोग पिछले 2 माह से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। वार्डों में सुबह-शाम आने वाले नल गंदा पानी उगल रहे हैं। दूषित पानी से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा और लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। इस बात की शिकायत नगर निगम में कई बार हर स्तर पर की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब तो स्थिति यह हो गई है कि लोगों को पानी उबाल कर पीना पड़ रहा है, क्योंकि बारिश शुरू होते ही संक्रामक बीमारियों ने असर दिखाना शुरू कर दिया है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही है। नगर निगम जल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कितने कर्मठ हैं, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, सैकड़ों शिकायतों के बाद भी वे पता नहीं लगा पाए हैं कि आखिर गंदा पानी कहाँ से और कैसे आ रहा है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फ़रजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर संज्ञान लेकर मध्य-प्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, प्रदूषण मुक्त स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# रादुविवि की परीक्षा शुरू नैक की टीम पहुंची

## छात्र छात्राओं ने टीम मेंबर्स का आदिवासी लोक नृत्य से स्वागत

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की परीक्षा लेने केन्द्रीय टीम विश्वविद्यालय पहुंची है। यहां गुरुवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) पीयर टीम पहुंची। यह टीम अगले चार दिन अलग अलग मापदंडों पर विश्वविद्यालय का आंकलन करेगी। जिसके आधार पर विश्वविद्याल की ग्रेडिंग और रैंकिंग तय होगी। यह ग्रेडिंग विश्वविद्यालय को मिलने वाले केन्द्रीय ग्रांट पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डालेगी। गुरुवार सुबह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन पहुंचने पर छात्र छात्राओं ने टीम मेंबर्स का आदिवासी लोक नृत्य से स्वागत किया। इसके उपरांत उन्हें वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पर ले जाया गया, जहां पुष्प अर्पण करने के उपरांत टीम सीधे कुलपति कक्ष पहुंची। जहां कुलपति प्रो. राजेश वर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना की जानकारी दी। जिसके बाद टीम आईक्यूएसी सेंटर पहुंची। जहां आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) समन्वयक मृदुला दुबे ने प्रेजेंटेशन दिया। उसके उपरांत नैक समन्वय प्रो. राकेश बाजपेयी ने प्रेजेटेंशन दिया। शैक्षेणिक विभाग प्रमुखों द्वारा भी प्रेजेंटेशन दिया गया। इस दौरान नैक पीयर टीम ने विभाग प्रमुखों से सवाल भी किए।

आरडीयू पहुंची 7 सदस्यी नैक पीयर टीम की अध्यक्षता डॉ.जय प्रकाश यादव कर रहे हैं। वहीं टीम में प्रो. मनु प्रताप सिंह (समन्वयक नैक पीयर टीम),डॉ. अमलेश भोवल सदस्य,डॉ. मराकनम श्रीनिवासन सदस्य,डॉ. सुजाथम्मा पल्लमपल्ली सदस्य (एनएएसी),डॉ. प्रीति वर्मा सदस्य एवं डॉ. रेखा पांडे विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। टीम के सभी सदस्य अलग अलग विषयों के जानकार हैं। जो रादुविवि का हर बिन्दू पर आंकलन दिल्ली में अपनी रिपोर्ट जमा करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 2015 में नैक का दौरा हुआ था, जिसमें बी ग्रेड विश्वविद्यालय को मिला था। नैक की तरफ से यह ग्रेड 2020 तक के लिए दिया गया था। लेकिन कोरोना कॉल और अन्य कारणो से नैक का दौरा टलता चला गया।



# मिष्ठान कलस्टर, फर्नीचर, टिम्बर पार्क प्रारंभ किए जाए

## रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव पर जबलपुर चेंबर ने कराया ध्यान आकर्षण

जबलपुर।

जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि जबलपुर में 20 जुलाई को होने वाली "रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव" पर का उद्देश्य तब ही सार्थक होगा मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में महाकौशल उद्योग संवर्धन समिति या उद्योग प्राधिकरण का गठन किया जाए, जिसका उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री को बनाया जाए। जिसकी समय समय पर बैठक भी आयोजित की जाए। जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चेंबर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण करायेगा ताकि कान्क्लेव का उद्देश्य सार्थक हो सके। उन्होंने कहा कि जबलपुर संभाग का 20 वर्ष का औद्योगिक मास्टर प्लान बने।

वर्षों से लंबित औद्योगिक योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। 22 करोड की लागत से रेडीमेड कांप्लेक्स में लगी डेनिम डाइंग प्लांट को प्रारंभ किया जाए। जबलपुर एग्जिबिशन सेंटर जो माढ़ोताल में बन कर तैयार है उसे शीघ्र लोकार्पण किया जाए। रेलवे सौरभ कॉलोनी में बने संभागीय हाट बाजार ऑडिटोरियम मेला ग्राउंड को प्रारंभकिया जाए। मिष्ठान एवं नमकीन क्लस्टर को प्रारंभ किया जाए। फर्नीचर एवं टिंबर पार्प को प्रारंभ किया जाए। जबलपुर के डिफेंस क्लस्टर को चालू किया जाए। इंदौर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर मीट में जबलपुर के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्थापना की घोषणा की गई थी। डिफेंस कलेक्टर ;पीएम द्वाराद्धए पेट्रोलियम कांप्लेक्स (पेट्रोलियम मंत्री द्वारा), एक जिला एक उद्योग में मटर के उद्योग को बढ़ाने मटर प्रोसेसिंग जोन बनाया जाए। नये रिंग रोड में एग्रीकल्चर उद्योग के लिए इंडस्ट्रियल हब बनाया जाए। स्टार्टअप के लिए स्टार्टअप भवन का निर्माण हो।

इस प्रेस वार्ता में जबलपुर चेम्बर के कमल ग्रोवर, प्रेम दुबे, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, ज्ञानेन्द्र सिंह, शशिकांत पाण्डेय, उमेश ग्रावकर आदि उपस्थित थे।




# रोजा अफ्तार के लिए घर से बाहर निकले युवक की हत्या

## मोहरर्म की रात मक्का नगर में वारदात

जबलपुर।

शहर में मोहर्रम शांति के समापन की तरफ था कि हनुमानताल थाना क्षेत्र के मक्का नगर में हत्या की वारदात सामने आई। जहां पड़ोसी ने पड़ोसी पर पुरानी रंजिश पर हुई मामूली कहा सुनी के बाद चाकू से हमला कर कक्षा दसवीं में पढ़ रहे 18 वर्षीय छात्र अनानुद्दीन की हत्या कर दी गई। चाकू के वार से घायल युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची हनुमानताल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी घटना के बाद फरार है। घटना बुधवार रात 9 बजे के लगभग की बताई जा रही है।

हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस इस घटना के पीछे के सभी कारणों की जांच कर रही है। आरोपियों के नाम शादाब और नौशाद बताया जा रहा है।

हनुमानताल पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में मृतक की मां अमीना बेगम ने बताया कि उनका बेटा अनानुद्दीन अफ्तार के बाद घर के बाहर खड़ा था, उसी वक्त आरोपी शादाब मंसूरी आया और बाहर कैसे खड़ा है कहकर झगड़ा करने लगा। विवाद से बचने के लिए बेटा अनानुद्दीन घर के अंदर आ गया। कुछ देर बाद शादाब मंसूरी और नौसाद खान वापस आए और अचानक अनानुद्दीन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में बेटे अनानुद्दीन को गंभीर चोटें आईं, अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में बेटे की मौत हो गई। मृतक के भाई फरहान का कहना है कि आरोपियों से उनका पुराना विवाद चल रहा था, जिसके चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। 18 साल का अनानुद्दीन कक्षा 10वीं का छात्र था।



### पढ़ने में तेज था अनानुद्दीन

परिजनों ने बताया अनानुद्दीन मंसूरी (मृतक) पढ़ने में तेज था, उसने इसी साल हाई स्कूल की परीक्षा फर्स्ट डिविजन से पास की थी। पढ़ने में तेज अनानुद्दीन को आगे पढ़ाना पूरे परिवार का सपना था। लेकिन आज अनानुद्दीन इस दुनिया में नहीं है।

# चिकित्सकों का टोटा वेंटिलेटर पर अस्पताल

## क्षेत्रीय जनता कह रही हमारा यही दोष है कि..? जिम्मेदारों की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

**सिहोरा।** लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर राज्य सरकार लगातार प्रयास करने का दवा करती है। हेल्थ फॉर ऑल, आयुष्मान भारत जैसी योजना चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है। इसकी बानगी सिहोरा स्थित सिविल अस्पताल में भी देखी जा सकती है। यहां कहने को तो विशेषज्ञ सहित चिकित्सकों के 21 पद स्वीकृत हैं लेकिन सेवाएं एक दर्जन से भी कम की प्राप्त हो रही है। जांच सुविधाओं का आलम यह है कि यहां जांच उपकरणों को चलाने के लिए टेक्नीशियन तक नहीं है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से सुसज्जित करने के बाद भी सिविल अस्पताल सिहोरा रेफर सेंटर बनकर रह गया है। विधानसभा चुनाव के करीब आठ माह बीत जाने के बाद भी पता नहीं क्यों अभी तक अस्पताल की कोई खबर नहीं ली क्षेत्रीय जनता कह रही इसमें हमारा यही दोष है कि हमने?

### जिम्मेदारों की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

जानकारी के अनुसार सिहोरा नगर की आबादी करीब 50 से अधिक है वहीं सिहोरा के सराउंडिंग लगभग एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों के ग्रामीण भी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सिविल अस्पताल सिहोरा पर ही आश्रित है लेकिन चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के कारण लोगों को मजबूरी बस महंगे निजी चिकित्सकों की शरण लेना पड़ती है।बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिम्मेदारों की चुप्पी नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।



### प्लान सीजर बना मजबूरी

एक तरफ सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे रही है वहीं दूसरी तरफ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना ना होने के कारण सिहोरा अस्पताल में प्लान सीजर एंव क्रिटिकल कंडीशन में मरीज को रिफर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता एवं सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर होने के बावजूद सिविल अस्पताल में प्लान सीजर करना मजबूरी बन गया है। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना ना होने के कारण सप्ताह में केवल 1या 2 दिन सीजर ऑपरेशन प्लान किये जाते हैं।

### शोपीस बनी बेशकीमती मशीनें

सरकार ने 100 बिस्तर वाली सिविल अस्पताल सिहोरा को आधुनिक मशीनों से सुसज्जित तो कर दिया लेकिन विशेषज्ञों की प्रतिस्थापन न किए जाने से महंगी महंगी मशीने शो पीस बनकर रह गई हैं।बताया जाता है की हड्डी रोग विशेषज्ञ की सुविधा सप्ताह में मात्र तीन दिन गुरुवार शुक्रवार शनिवार को उपलब्ध रहती है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग में आए दिन होने वाली दुर्घटना के कारण हड्डी रोग मरीजो की संख्या काफी अधिक रहती है। ऐसे में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद रेफर करना पड़ता है।

### सौ बिस्तरों की सुविधा, विशेषज्ञ नहीं

प्राप्त जानकारी के अनुसार 100 बिस्तर वाले सिहोरा अस्पताल में चिकित्सकों के कुल 21 पद स्वीकृत हैं, जिसमें विशेषज्ञ के जनरल सर्जन, मेडिसिन,आर्थो गायनिक एवं पैथोलॉजिस्ट सहित 6 पद स्वीक्रत है लेकिन पदस्थापना मात्र 11 की है जिसमें विशेषज्ञ मात्र दो उपलब्ध है जो इमरजेंसी सहित ओपीडी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ओपीडी में प्रतिदिन एक चिकित्सक को 100 से 150 मरीजों की जांच करना पड़ रही है वर्कलोड अधिक होने के कारण पदस्थ चिकित्सक भी बीमार नजर आने लगे हैं विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण मरीज को जबलपुर जाना पड़ रहा है।

### लगभग 1 वर्ष से नहीं हुई रोगी कल्याण की बैठक

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के बाद से सिविल अस्पताल सिहोरा की रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन लगभग एक शाल से नहीं हो सका है। जिसके चलते अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक अनेक मुद्दे बन्द फाइलो में माननीय की नजरें इनायत का इंतजार कर रहे है। अस्पताल के जो विकास कार्य तत्कालीन विधायक के समय अधूरे रह गये थे वे आज भी वैसे ही अधूरे ही पड़े हैं उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी वर्तमान के जनप्रतिनिधि की बनती है लेकिन यहां तो इस समय स्थिति ही कुछ और है।

**इनका कहना है –**

संसाधन उपलब्ध है लेकिन विशेषज्ञ एवं स्टॉक की कमी बनी हुई है। फिर भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के पुरे प्रयास किये जा रहे है। - **डॉ सुनील लटियार** प्रभारी सिविल अस्पताल सिहोरा

# शंकराचार्य मठ में होगा सुबुद्धानंदजी का चातुर्मास

**तीज, त्योहार के साथ शंकराचार्य का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा**



**जबलपुर।** श्री द्वारका शारदा पीठ एवं श्री ज्योतिष पीठ के शंकराचार्यो के निज सचिव तथा पूर्व में ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद महाराज के निज सचिव रहे ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज का चातुर्मास शंकराचार्य मठ बंगलामुखी पीठ जबलपुर में संपन्न होगा। इस दौरान मठ में प्रतिदिन शिव अभिषेक, कथा एवं अन्य धार्मिक कार्य संपन्न होंगे, साथ ही चातुर्मास के दौरान पड़ने वालें विभिन्न तीज त्यौहारों पर भव्य कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। चातुर्मास के दौरान ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती महाराज का भव्य जन्मोत्सव मनाया जायेगा, जिसमें देश विदेश से शंकराचार्य शिष्य मंडल के सदस्य सम्मिलित हेंगे। यह जानकारी ब्रम्हचारी चैतन्यानंद एवं आचार्य राजेंद्र शास्त्री ने यहां शंकराचार्य मठ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में चातुर्मास का विशेष महत्व है तथा गुरु पूर्णिमा से चातुर्मास प्रारंभ होता जाता है, जिसमें संतगण एक स्थान पर ही रहकर पूजन अर्चन करते हैं। सन्यासियों का चातुर्मास दो माह का होता है, क्योंकि परंपरा अनुसार एक पाख, पक्ष को एक माह मानते हुए दो माह में चातुर्मास संपन्न होता है। बंगलामुखी पीठ के स्वामी चैतन्यानंद महाराज ने जानकारी देते हुए कहा कि यह संस्कारधानी के लिए सौभाग्य का विषय है कि ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज का चातुर्मास यहां संपन्न हो रहा है, उन्होंने कहा कि चातुर्मास में सहयोग करने वालों को यज्ञ का फल प्राप्त होता है।

ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज ने अपना सर्वस्व जीवन अपने गुरु सेवा में समर्पित कर दिया तथा शंकराचार्य की इच्छानुसार देश में लगभग 200 मठ मंदिरों का निर्माण कराया, जिनमें पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम होते है, उनके इसी समर्पण भाव के कारण उन्हें शंकराचार्य के हनुमान की उपमा भी दी जाती है।

पत्रकारवार्ता में सच्चिदानंद शेकटकर, अधिवक्ता ब्रजेश दुबे, नवनीत मालपाणी, मनोज सेन, जितिन राज, कमलेश शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मचारी महासंघ ने 2 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मचारी श्रमिक महासंघ जबलपुर संभाग द्वारा, संभागीय महामंत्री कुलदीप राजपूत के नेतृत्व में 2 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन, शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय जबलपुर की प्राचार्य आदरणीय डॉ संध्या चौबे मैडम को सौंपा गया, जिसमें प्रमुख मांगे महाविद्यालय के समस्त दैनिक वेतन भोगियों कर्मचारियों को तत्काल स्थाई कर्मी आदेश जारी किया जाए, दैनिक वेतन भोगियों के विभाग से भुगतान उपस्थिति पत्रक पर तत्काल रोक लगाई जाए और उपस्थिति हस्ताक्षर रजिस्टर के माध्यम से दर्ज की जाए, उक्त सभी मांगों का निराकरण दिनांक 22/ 7 /24 तक नहीं होने पर संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी, ज्ञापन के दौरान संघ के सुशील यादव, हेमचंद् कोरी, विकास ठाकुर, कल्पना जैन, हेमंत समन, संतोष वर्मा, शिव कुमारी, लक्ष्मी राजपूत, ज्योति कुशवाहा, ज्योति अग्रवाल, योगेश ठाकुर, विवेक शर्मा, जितेन्द्र आग्रहरि, मंजू गुप्ता, कविता समुद्री, रेखा पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी उपस्थिति थे।



## मेगा कैंप में 6 करोड़ की राशि का ऋण वितरण

**जबलपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को जिला स्तरीय एसएचजी सीसीएल मेगा कैंप का आयोजन किया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कैम्प में जिले के 350 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 10 लाख रुपये की राशी का ऋण वितरण किया गया। इस दौरान पर मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल से राज्य सलाहकार देवेंद्र भदोरिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से एजीएम पंकज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश कुमार तथा एलडी दिवाकर ठाकुर उपस्थित रहे।

## ऑक्सीजन जोन बचाने हाईकोर्ट में दायर होगी जनहित याचिका

# टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि को नगर वन घोषित किया जाए

**जबलपुर।**

जबलपुर कलेक्टर के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भारत सरकार तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव को ज्ञापन भेजकर अभिभावक उपभोक्ता संगठन द्वारा टेलीकॉम फैक्ट्री की भूमियों को विक्रय नहीं किए जाने तथा भूमि का पर्यावरण अनुकूल उपयोग करने की मांग की है।

मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अभिभावक उपभोक्ता संगठन ने बताया कि जबलपुर के रानीताल चौक से लगी हुई टेलीकॉम फैक्ट्री की भूमि है जिसमें लगभग 15 से 18 हजार वृक्ष लगे हुए हैं यह बीच सिटी में ऑक्सीजन जोन का कार्य कर रहा है, इस फैक्ट्री की स्थापना 70 एकड़ भूमि पर लगभग 80 वर्ष पूर्व की गई थी उसी वक्त हजारों की संख्या में वृक्ष लगाए गए थे जो आज पूर्ण विकसित हो गए हैं परंतु भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा अपनी भूमियों को विक्रय करने का टेंडर लगातार जारी किए जा रहे हैं।



यह तथ्य निर्विवाद है कि निजी हाथो में जाने के बाद इस भूमि का व्यावसायिक उपयोग किया जाएगा जिसमें उक्त हजारों वृक्षों का काटा जाना तय है यह शहर के पर्यावरण पर कठोर कुठाराघात सिद्ध होगा पूर्व में भी सड़कों के विस्तारीकरण में हजारों वृक्षों को काट दिया गया जिसका दंश शहरवासी झेल रहे हैं , शहर के बड़े क्षेत्र का ऑक्सीजन जोन समाप्त होने से बचाने की जिम्मेदारी सरकार की सर्वेपरि प्राथमिकता होनी चाहिए संविधान में तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में इसका प्रावधान किया गया है। पर्यावरण संरक्षण तथा ऑक्सीजन जोन को बचाने उपरोक्त भूमि को केंद्र सरकार द्वारा लागू नगर वन योजना में शामिल कर उसे विकसित किया जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा।

संगठन के प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, गोपाल परासर, मयंक राज, विनोद पांडे, अंकित गोस्वामी, सेवेंद्र आदि ने जनहित में तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बीएसएनएल की उपरोक्त भूमि में नगर वन विकसित कर हजारों पेड़ को काटे जाने से बचाया जाने की मांग की अन्यथा यह निर्णय लिया है कि जनहित तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।



# रेशमा की शादी में रोटरी स्टार ने दिए उपहार

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार के द्वारा पंजाब बैंक कॉलोनी दमोह नाका निवासी रेशमा की शादी के लिए उपहार दिया गया। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार ने बताया कि रेशमा के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी इसलिए एक नेक कार्य करते हुए रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार की सदस्यों द्वारा रेशमा की शादी के लिए उपहार में सूटकेस, ट्रॉली, मिक्सी, बर्तन, साडी, सूट, क्रॉकरी, सुहाग का सामान और नगद 5100 रू बेटी रेशमा की माताजी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरिता सिंह राजपूत, सचिव विश्वंती सिंह, क्लब सदस्य आत्मिका सिंह, तृप्ति सिंह, पायल पाहवा, मोनिका सिंह, डॉ नीलिमा सिंह, शालू आनंद सभी ने इस शुभ काम में अपना योगदान दिया।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से वापस पहुंची घर

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सत्यनारायण मंदिर घमंडी चौक बड़ा फुहारा से भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा की वापसी धूमधाम से जगदीश मंदिर गड़ाफाटक मैं हुई फूलों की बरसात होते हुए जगन्नाथ जी की जय संकीर्तन करते हुए चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल चल रहा था शहनाई की धुन भी अद्भुत रही। रथ यात्रा की अगुवाई स्वामी कालीनंद गिरी जी महाराज पंडित देवेंद्र त्रिपाठी अशोक पोद्दार पंडित मनमोहन दुबे के सानिध्य में निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी ज्ञानेंद्र सिंह बघेल डॉक्टर सुधीर अग्रवाल डॉक्टर शिव शंकर पटेल राजकुमार साहू तेज कुमार मोड बबन मिश्रा मोहित तिवारी संजय मिश्रा उपस्थित थे।



## वायुसेवा संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना स्थगित

**जबलपुर।** गुरुवार को वायु सेवा संघर्ष समिति द्वारा जबलपुर की वायु सेवाओं को पुन यथा स्थिति में लाने हेतु आयोजित धरना स्थगित किया गया। एक जानकारी में समिति संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि प्रशासन के आग्रह पर समिति द्वारा आयोजित धरना स्थगित किया गया जो की जबलपुर की वायु सेवाओं को सुचारु करने आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि जबलपुर की वायु सेवाओं के विषय पर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री से वीडियो कॉर्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात रखी गई तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वह केंद्रीय विमानन मंत्री से मिलकर जबलपुर की वायु सेवाओं को पुन सुचारु करने प्रयास करें क्योंकि निवेश को आकर्षित करने वायुसेवाएं बेहद आवश्यक हैं।

## एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत 100 पौधे लगाए गए

**पाटन।** एक पेड़ मां के नाम के अभियान के अंर्तगत जनकल्याण सेवा समिति नवांकुर संस्था के सहयोग से एसडीएम कार्यालय ग्राम मादा, ग्राम बनबार एवं पाटन कॉलेज में विधायक अजय विश्नोई एसडीएम जन अभियान परिषद जबलपुर जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकास खंड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे के मार्गदर्शन में लगभग 100 पौधे लगाए गए जिसमें सरपंच पप्पू यादव, शिवकुमार चौबे, परामर्श दाता रामराजा यादव, उमाकांत यादव, प्रेम नारायण चढ़ार, तेजभान सिंह, ब्रजेश यादव, गोरी ठाकुर, उपस्थित रहे।



# जबलपुर विकास प्राधिकरण के योजनावासियों को लीज नवीनीकरण, फीहोल्ड के त्वारित निदान की श्रृखंला 22 को शिविर लगेगा संजीवनी में



## प्राधिकरण की योजना क्रमांक-2ब बाजनामठ में लगे शिविर में किया गया 20 प्रकरणों का निराकरण

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के सी.ओ.ओ. श्री दीपक कुमार वैद्य ने बताया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को अपनी- अपनी सम्पत्ति की लीजों के नवीनीकरण एवं फीहोल्ड की कार्यवाही के लिए अनावश्यक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े, इस हेतु प्राधिकरण की योजनाक्रमांक 2अ गुप्तेश्वर स्थित सुविधा बाजार में शिविर दिनांक 16.07.2024 को मौके पर ही जे. डी.ए. के हितग्राहियों के लीजहोल्ड से फीहोल्ड हेतु प्रकरणों का निराकरण किया कुछ प्रकरणों की कार्यवाही प्रगति पर है। इसी श्रृखंला में योजनाक्रमांक 2ब में आज दिनांक 18.07.2024 को 35 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 20 प्रकरणों का निराकरण किया गया, शेष प्रकरणों की कार्यवाही प्रगति पर है। इस अवसर पर जे.डी.ए. के संपदाधिकारी अधिकारी/ भूअर्जन अधिकारी / योजना के सहायक यंत्री, उपयंत्री / कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी योजनाओं से संबंधित फीहोल्ड / लीजनवीनीकरण की कार्यवाही हेतु शिविर दिनांक 22.07.2024 को जे.डी.ए. की योजना क्रमांक-6 संजीवनीनगर स्थिति रायल स्कूल परिसर स्थित भवन में किया जावेंगा।

# सख्य भक्ति का प्रादुर्भाव ही है बाल लीलाः ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**जबलपुर।** श्री शंकराचार्य मठ सिद्ध बगुला मुखी पीठ सिविकसेण्टर मढाताल में श्रीमद्भागवत के पंचम दिवस की कथा के माध्यम से बताया कि भगवान ने अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए विविध लीलाओं का दर्शन कराया, भक्तों को सहज हो वह स्वरूप भगवान अपने भक्तों को दिखाते हैं, आनंद के स्वरूप में भगवान का जन्म हुआ, बाललीला के माध्यम से अपने सखाओं को सख्य भक्ति को प्रदान किया, 'गोपियों के उत्कृष्ट भावों का भोग लगाना ही भगवान की माखन चोरी लीला है 'भक्ति मार्ग में दर्शन बाधा का वध ही पूतना का वध है, ज्ञान के अहंकार का शमन ही ब्रह्मा जी के मान मर्दन लीला है। इन्द्रियों का निग्रह ही भगवान की कालिय नाग निग्रह लीला है ।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं T V OOMMEN पिता श्री CHERYAN VARKEY निवासी - मकान नंबर बी-48, ड्यूप्लेक्स, हाथीताल रोड, एम.जी.एम. स्कूल के पास, आस्था रेसीडेन्सी, हाथीताल कॉलोनी जबलपुर (म.प्र.) मेरे पासपोर्ट क्रमांक G-4185275 में मेरा नाम RAKIZHAKADTHU VARKEY OOMMEN पिता श्री CHERYAN VARKEY THONDATHA लिखा है जिसे मैंने बदलकर T V OOMMEN पिता श्री CHERYAN VARKEY कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम T V OOMMEN पिता श्री CHERYAN VARKEY के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।
सही नाम - T V OOMMEN
गलत नाम - RAKIZHAKADTHU VARKEY OOMMEN

**CHANGE OF NAME**

I, **PINJARI SUMAN** is legally mother of No **15813475W** Rank Hav Name **Pinjari Mahadev Birmal** Presently residing at Vill Kewad. Post Undergaon, Teh Madha, Dist Solapur Pin- 413209 I, have changed of my name from **PINJARI SUMAN** (name as per my SON, Army service records) to **SUMAN BIRMAL PINJARI** (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit NO. BS 735494 dated 18/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**CHANGE OF NAME**

I, CHATUR BHAI is father of No **14660168K** Rank **HAV** Name **DALVADI BHARATKUMAR CHATURBHAI** presently, residing at **VILL- DHOLI, PO - DHOLI, TEH-DHRANGADHRA, DIST-SURENDRANAGAR (GUJARAT)-363320** I, have changed of my name and date of birth from name **CHATUR BHAI** and date of birth **01/07/1959** (name and date of birth as per my SON, Army service records) to name DALVADI CHATURBHAI POPATBHAI and date of birth **01/01/1949** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD AND PAN CARD** vide affidavit No. BS 735492 dated **18/07/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).


## निधन




**श्री संदीप कहार-** अशोक विहार गुप्तेश्वर निवासी श्री सोहन लाल कहार के पुत्र श्री संदीप कहार (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र साहनी-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री जीतेंद्र साहनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गावती देवी पांडे-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री बाला प्रसाद पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गावती देवी पांडे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रज्जो बाई गुप्ता-** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री हीरा लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जो बाई गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललिता शंकरन-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री शंकरन की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता शंकरन (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री लखन लाल यादव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र तिवारी-** रामनगर रामपुर निवासी श्री राजेंद्र तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भजन लाल सोनकर-** कुंवरजी का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री भजन लाल सोनकर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संगीता शर्मा-** कांचघर चौक निवासी श्री सोनेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता शर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद कोरी-** तुलसी मोहल्ला शीतालमाई वार्ड निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद कोरी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रकाश चंद्र राजपूत-** आईडियल एस्टेट ग्वारीघाट रोड निवासी श्री प्रकाश चंद्र राजपूत (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई साहू-** सुहागी पन्नी मोहल्ला निवासी श्री राम जियावन साहू की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई साहू (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या तिवारी-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री कैलाश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या तिवारी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीलाल वाल्मीक-** दुबे कम्पाउंड सदर निवासी श्री हरीलाल वाल्मीक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**हरिभूमि** निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज़:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज़:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

**CHANGE OF NAME**

I, **PINJARI BIRMAL** is legally father of No **15813475W** Rank Hav Name **Pinjari Mahadev Birmal** Presently residing at Vill Kewad. Post Undergaon, Teh Madha, Dist Solapur Pin- 413209 I, have changed of my name from **PINJARI BIRMAL** (name as per my SON, Army service records) to **BIRMAL MAHADEV PINJARI** (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit NO. BS 735493 dated 18/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**CHANGE OF NAME**

I, **CHNCHI BEN** is mother of No **14660168K** Rank HAV Name DALVADI BHARATKUMAR CHATURBHAI presently, residing at VILL- DHOLI, PO-DHOLI, TEH-DHRANGADHRA, DIST-SURENDRANAGAR (GUJARAT)-363320 I, have changed of my name and date of birth from name **CHNCHI BEN** and date of birth **01/07/1963** (name and date of birth as per my SON, Army service records) to name **DALVADI CHANCHIBEN CHATURBHAI** and date of birth 01/01/1965 (name and date of birth as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit No. BS 735491 dated 18/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/84
दिनांकः- 18/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजीव सोनी पिता स्व. श्री प्रेमनारायण सोनी ने मकान नं. 501 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 800 व.फु. प्रथम तल 800 व.फु. मृत्यू प्रमाण पत्र, वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/85
दिनांकः- 18/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश शिवराज ईसमपल्ली पिता श्री शिवराज ईसमपल्ली ने पिन 1000346945 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान तृतीय तल 650 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### सोने में लगातार तेजी 700 रुपए और मजबूत



**नई दिल्ली।** ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### हैवेल्स इंडिया के लाभ में 42 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष (2024-25) की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत के उछाल के साथ 407.51 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि शुद्ध लाभ में यह बढ़त चिलचिलाती गर्मी के कारण उसके उपकरणों की बिक्री में मजबूत वृद्धि से हुई।

### विप्रो यूके ने विप्रो सर्विसेज यूके को पूरी हिस्सेदारी दी




**नई दिल्ली।** विप्रो होल्डिंग्स (यूके) ने विप्रो फाइनेंशियल आउटसोर्सिंग सर्विसेज लिमिटेड में अपनी पूरी शेयरधारिता विप्रो आईटी सर्विसेज यूके सोसाइटास को हस्तांतरित कर दी है। सरल बनाने के प्रयासों के तहत उठाया गया है। इसके साथ ही विप्रो आईटी सर्विसेज यूके सोसाइटास की विप्रो फाइनेंशियल आउटसोर्सिंग सर्विसेज में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी।

### टाटा टेक्नोलॉजीज के लाभ में 15 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** वैश्विक इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास डिजिटल सेवा कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2024-25) की अप्रैल-जून तिमाही में 15.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 162.03 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि शुद्ध लाभ में यह गिरावट अधिक खर्चों के कारण हुई है।

### एएसके प्रापर्टी फंड ने किया कल्पतरु में निवेश




**नई दिल्ली।** एएसके प्रॉपर्टी फंड ने मुंबई में कल्पतरु द्वारा विकसित की जा रही एक रियल एस्टेट परियोजना में 190 करोड़ रुपये का निवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। ब्लैकस्टोन समर्थित एएसके एसेट एंड वेल्थ मैनेजमेंट समूह की एक रियल एस्टेट निजी इक्विटी शाखा है। कल्पतरु द्वारा विकसित की जा रही एक परियोजना में 190 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### वेदांता के क्यूआईपी को तीन गुना अभिदान




**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड के 8,000 करोड़ रुपये के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को करीब तीन गुना यानी 23,000 करोड़ रुपये का अभिदान मिला है। एक संस्थागत ब्रोकर ने बताया कि क्यूआईपी में विदेशी संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और अन्य निवेशकों ने काफी उत्साह दिखाया है। निप्पॉन, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एसबीआई, मिराए और व्हाइट ओक जैसे प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियों ने इसमें बोलियां लगाई हैं।

# भविष ने पिचई को दी ऐसी टक्कर, गूगल को 70 फीसदी घटानी पड़ी कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला के सीईओ भविष अग्रवाल इन दिनों विदेशी टेक कंपनियों को लेकर हमलावर बने हुए हैं। उन्होंने इनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से तक कर दी थी।

- इंडियन डेवलपर्स से ओला मैप्स का फ्री इस्तेमाल करने कहा

साथ ही ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर ओला मैप्स का प्रयोग शुरू कर दिया था। सीईओ अग्रवाल ने इंडियन डेवलपर्स से अपील की थी कि वह ओला मैप्स का फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं। भविष अग्रवाल के इस हमले से गूगल के सीईओ सुंदर पिचई को बड़ा झटका लगा और कंपनी ने गूगल मैप्स सर्विस की कीमत में 70 फीसदी की बड़ी कटौती कर दी है। नई कीमत 1 अगस्त से लागू होगी।

## ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर दिया

### ओला मैप्स से गूगल मैप्स को दे रहे चुनौती

इससे पहले भविष अग्रवाल ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कृत्रिम के जरिए मैपिंग और लोकेशन बेस्ड सर्विस ओला मैप्स एपीआई लांच की थी। साथ ही डेवलपर्स से आग्रह किया था कि वह एक साल तक इन सेवाओं का फ्री इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया था कि कृत्रिम के जरिए इंडिया फर्स्ट को ध्यान में रखते हुए सेवाएं लांच की जाएंगी। इसके अलावा ओला कैब्स में भी अब ओला मैप्स का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। भविष अग्रवाल ने बताया था कि यह कदम उठाकर कंपनी को 100 करोड़ रुपए सालाना बचाने में मदद मिलेगी।



भविष अग्रवाल



सुंदर पिचई

### रुपए में पेमेंट होगा स्वीकार

साथ ही बताया कि वह भारतीय रुपए में भी पेमेंट स्वीकार करेगी। अभी तक आपको डॉलर में ही भुगतान करना पड़ता है। कंपनी ने कहा कि गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म की सस्ती सर्विस की मदद से भारत के डेवलपर्स को लोकेशन बेस्ड सर्विस बनाने में आसानी होगी।

### गूगल 90 फीसदी तक देगी डिस्काउंट

इसके साथ ही गूगल ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स से पार्टनरशिप करने का ऐलान भी किया है। कंपनी ने बताया कि ओएनडीसी पर काम कर रहे डेवलपर्स को 90 फीसदी तक डिस्काउंट दिया जाएगा। कंपनी ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की।

*नए रेट का फायदा सिर्फ इंडियन कस्टमर को : गूगल ने बताया कि नए रेट का फायदा सिर्फ इंडिया के कस्टमर को मिलेगा। कंपनी सख्ती से इसकी जांच करेगी कि सस्ती कीमतों का फायदा सिर्फ इंडिया के लोग ही उठा सकें। एक अगस्त ने इनकी बिलिंग भी रुपए में की जाने लगेगी। फिलहाल जो जियोकोडिंग एपीआई 5 डॉलर के रेट में मिल रही थी, वह अब 1. 50 डॉलर में ही मिल जाएगी।*

## विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कहा

# एमएसएमई के लिए मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा दोगुनी करे सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*देश में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने के साथ कर प्रोत्साहन देने की जरूरत है। साथ ही लागत में कटौती और उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने आवश्यकता है।*

विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर उम्मीदों पर, फिनकैप के मुख्य कारोबार अधिकारी (खुदरा और एमएसएमई) नवीन सैनी ने कहा कि सरकार संभवतः एमएसएमई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने, उनके विकास को बढ़ावा देने के अपने एजेंडा को जारी रखेगी।

### क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाने पर विचार

सैनी ने कहा, 'इसे हासिल करने के लिए, उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कर्ज सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने और एमएसएमई के लिए असुरक्षित माने जाने वाले ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने पर विचार करना चाहिए।'

### एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़

सैनी ने कहा, 'ये उपाय एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय संसाधनों तक अधिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे वे आगे बढ़ सकेंगे और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।' भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तक पहुंच आसान

सरकार को इस क्षेत्र के लिए सहायक नीतियां पेश करना महत्वपूर्ण है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम), सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से वित्त तक आसान पहुंच शामिल हो।




- कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की जाए
- उद्यमों को कर प्रोत्साहन देने की जरूरत
- कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने की आवश्यकता

### एमएसएमई आईपीआर सृजित करने पर केंद्रित

सैटनैव टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित प्रसाद ने कहा कि जो एमएसएमई आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) सृजित करने पर केंद्रित हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने के लिए कोई औपचारिक वित्तपोषण प्रक्रिया नहीं है।

### विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन जरूरी

वेंकटेशन ने कहा, 'इसके अलावा, उन विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन की जरूरत है जिनका सालाना कारोबार एक करोड़ रुपये से कम है। साथ ही लागत में कटौती और अपने उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा भी दिये जाने की आवश्यकता है।'

### नए कारोबार को विकास का लक्ष्य देना होगा

प्रसाद ने कहा, 'आईपीआर आधारित संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें नये कारोबार के विकास को लक्ष्य देना हमारे देश के लिए उल्लेखनीय कदम साबित हो सकता है...।'

# भारत की दो कोल ब्लॉक दुनिया की 10 सबसे बड़ी खदानों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- गेवरा को दूसरा और कुसमुंडा को चौथा स्थान
- दोनों की ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत है। इसमें कहा गया, "वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा कोयला खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है।" एसईसीएल ने कहा कि गेवरा खदान की वार्षिक उत्पादन क्षमता सात करोड़ टन है। इस खदान ने पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

जबकि कुसमुंडा ने पांच करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया।

### अमेरिका की ब्लैक थंडर माइन पहले स्थान पर

एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा, 'यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।' सूची के अनुसार, अमेरिका में ब्लैक थंडर माइन और नॉर्थ एंटेलोप रोशेल माइन ने क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें 2023 में 6.26 करोड़ टन और 5.62 करोड़ टन कोयला उत्पादन का अनुमान है।

# आईटी दिग्गज इंफोसिस का मुनाफा 7.1 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु




- शुद्ध लाभ जून तिमाही के लिए 6,368 करोड़ रुपए
- कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए कंपनी का अनुमान बढ़ाया

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.1 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को भी बढ़ा दिया है। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये रहा है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,945 करोड़ रुपये था। हालांकि, तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घटा है। इससे पिछली मार्च तिमाही में कंपनी ने 7,969 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष के लिए कंपनी ने स्थिर मुद्रा में अपनी आमदनी में बढ़ोतरी के अनुमान को एक-तीन से बढ़ाकर तीन-चार प्रतिशत कर दिया है। कंपनी पूरे साल के दौरान वृद्धि के अनुसार 15,000-20,000 नए लोगों को नियुक्ति करेगी। इन्फोसिसस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, हमने चालू वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है।

इसमें मजबूत और व्यापक आधार वाली वृद्धि, परिचालन मार्जिन में विस्तार, मजबूत बड़े सौदे और अबतक का सबसे ज्यादा नकदी सृजन हुआ है।

### इंफोसिस के कर्मचारियों की संख्या छह फीसदी घटी

इन्फोसिस की आमदनी में सबसे अधिक योगदान वित्तीय सेवा खंड का रहता है। तिमाही के दौरान इस खंड का आमदनी में योगदान 0.3 प्रतिशत घटकर 27.5 प्रतिशत रह गया है। जून, 2024 तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या करीब छह प्रतिशत घटकर 3,15,332 रह गई, जो एक साल पहले 3,36,294 थी। मार्च, 2024 तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 3,17,240 थी।

## भारत के फिनटेक उद्योग का आकार 2029 तक बढ़ेगा




**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अजय कुमार चौधरी ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2024 में लगभग 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है। इसके 2029 तक 420 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सरकार का कदम, साथ ही युवा और प्रौद्योगिकी-प्रेमी आबादी की वजह से वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। 'चालू वर्ष तक भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग लगभग 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है और 2029 तक यह 31 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 420 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा।'

# शेयर बाजार ने लगातार चौथे दिन बनाया नया रिकॉर्ड

- सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार
- निफ्टी भी 24,800 अंक ने नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया।

आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। हालांकि, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा जैसे आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से सूचकांक दोपहर के कारोबार में नुकसान से उबर गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली के साथ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मजबूती से दोपहर के कारोबार में बाजार में तेजी आई और यह नई ऊंचाई पर पहुंच गया।

# निर्यात में सुधार से जापान का व्यापार घाटा हुआ कम

**टोक्यो।** जापान में जून महीने में व्यापार अधिशेष सालाना आधार पर पांच गुना बढ़कर 224 अरब येन (1.4 अरब डॉलर) हो गया। वित्त मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही में जापान का व्यापार घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में आधे से अधिक घटकर 3230 अरब येन (21 अरब डॉलर) रह गया।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की कमजोरी ने हाल के महीनों में जापान के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद की है। वाहनों तथा कंप्यूटर चिप के बढ़ते निर्यात से जून में व्यापार अधिशेष एक साल पहले की तुलना में पांच गुना बढ़कर 224 अरब येन या 1.4 अरब डॉलर हो गया। कमजोर येन जापान के आयात के लिए नकारात्मक माना जाता है, खास तौर पर मुद्रास्फीति के रुझान और बढ़ती ऊर्जा लागत के बीच...।

# गांवों में खर्च बढ़ने से मांग की स्थिति हुई बेहतर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जून-अगस्त) की शुरुआत अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में खर्च में सुधार से मांग की स्थिति बेहतर हुई। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को बुलेटिन में यह कहा। आरबीआई के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक से प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां मजबूत हो रही है। साथ ही वस्तुओं तथा सेवाओं में वैश्विक व्यापार गति पकड़ रहा है। लेख में कहा गया, '' भारत में 2024-25 की दूसरी तिमाही अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ शुरू हुई है।'' कृषि परिदृश्य तथा ग्रामीण व्यय में सुधार, मांग बढ़ाने में प्रमुख बिंदु साबित हुए हैं। इसमें कहा गया कि लगातार तीन महीनों की नरमी के बाद जून 2024 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वजह सब्जियों की कीमतों में वृद्धि है। उल्लेखनीय है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने मई में यह खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी हालांकि, केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।



- आरबीआई ने जारी की बुलेटिन
- वस्तुओं तथा सेवाओं में वैश्विक व्यापार गति पकड़ रहा

## स्कूटर में होंगे कई फीचर्स, पहले से ग्लोबल मार्केट में मौजूद

# बीएमडब्ल्यू का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर जल्द होगा लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मन ऑटो कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरार्ड इंडियन मार्केट में अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने वाली है। ये कंपनी का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, जिसमें कई सारे फीचर्स मिल सकते हैं। बता दें कि ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पहले से ही ग्लोबल मार्केट में मौजूद है और विदेश में इसकी कीमत 11795 डॉलर है ।

ऐसा माना जा रहा है कि इंडिया में इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 10 लाख के आसपास हो सकती है। मतलब जितनी कीमत का ये इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, उतनी कीमत में एक एंट्री लेवल एसयूवी बड़े आराम से आ जाएगी। कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है और इसकी आधिकारिक लांच डेट 24 जुलाई है।

## प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 10 लाख के आसपास हो सकती

### कंपनी ने शुरू की प्री लांच बुकिंग

कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है। इस स्कूटर की बुकिंग आप बीएमडब्ल्यू के किसी भी डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं। लांच के दौरान इस स्कूटर की कीमत से पर्दा उठेगा। लेकिन जितना महंगा ये इलेक्ट्रिक स्कूटर है, ये बात तय है कि भारत में इसका डायरेक्ट कंपिटिशन कोई नहीं होगा।



### कैसी होगी परफॉर्मेंस और बैटरी

स्कूटर में लिक्विड कूल्ड पीएमएस मोटर मिलेगा, जो 41 बीएचपी की पावर और 60 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है। स्कूटर की टॉप स्पीड 120 केएमपीएच है और ये स्कूटर मात्र 2.6 सेकंड में 0-50 केएमपीएच की स्पीड पकड़ लेता है। इसमें तीन राइडिंग मोड्स मिलेंगे, जिसमें ईको, रेन और रोड शामिल है।

*ये होंगे फीचर्स*

*डिजाइन की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर काफी प्रीमियम होने वाला है। इसकी लंबाई 2 मीटर से भी ज्यादा होगी। डायमेंशन्स की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 2285 एमएम लंबा, 855 एमएम चौड़ा और 1150 एमएम ऊंचा होगा। इसकी सीट हाइट 780 एमएम है। स्कूटर में 15 इंच के व्हील्स मिलेंगे। फ्रंट में टेलिस्कोपिक फॉर्क और दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक मिलेगा।*

### सिंगल चार्ज पर 130 किमी की रेंज

बैटरी की बात करें तो 8.9 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक मिलेगा, जो सिंगल चार्ज पर 130 किमी की रेंज देता है। नॉर्मल चार्जर के जरिए ये व्हीकल 4 घंटे में 0-100 फीसदी चार्ज हो जाएगा और 1.40 घंटे में फुल चार्ज हो जाएगा।

### कूट-कूट के भरे हैं फीचर्स

फीचर्स की लिस्ट देखें तो इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर में एबीएस, एएससी, इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स और ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर्स मिलेंगे। साथ में टाइप सी यूएसबी पोर्ट मिलेगा। 10.25 इंच की टीएफटी स्क्रीन और कीलैस राइड जैसा सपोर्ट मिलेगा।

# यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रखा

एजेंसी ▶▶| फ्रैंकफर्ट




- घरेलू महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड और ब्याज दर निर्धारण समिति ब्याज दर को घटाने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि महंगाई दर पूरी तरह नियंत्रण में हो। इस तरह ईसीबी की प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रहेगी। यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 'घरेलू महंगाई अभी ऊंचे स्तर पर है, कुल मुद्रास्फीति के अगले साल तक लक्ष्य से ऊपर रहने की संभावना है।' यूरोप में कम ब्याज दरों की उम्मीद कर रहे घर खरीदारों और कारोबारियों को सस्ते कर्ज के लिए कम से कम सितंबर में होने वाली बैंक की बैठक तक और संभवतः उससे भी ज्यादा इंतजार करना होगा। फिलहाल ईसीबी का रुख अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रुख से मिलता-जुलता है, जिसके 30-31 जुलाई को होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने से बचने की संभावना है। हालांकि ऐसा लगता है कि ईसीबी की तुलना में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दरों में कटौती की अधिक गुंजाइश है।

चिंतन

# संवैधानिक दायरे में ही सरकार आरक्षण लाए

आरक्षण भारतीय राजनीति की नियति बन गई है। सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए आरक्षण को ढाल की तरह इस्तेमाल करती है, चाहे संविधान की धज्जियां ही क्यों न उड़ रही हों। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का निजी नौकरियों में आरक्षण संबंधी फैसला व बाद में इसे रोक कर आगे टालने का निर्णय करना चौंकाने वाला है। कर्नाटक में निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय निवासियों के लिए 50 फीसदी, 75 फीसदी व 100 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक लाने के कांग्रेस सरकार की तैयारी ने सोचने पर मजबूर किया है कि क्या सरकार संवैधानिक दायरे में काम कर रही है? भारत एक सॉफ्टवेयर पावर है तो इसमें योग्य व स्किल्ड कर्मियों का अहम योगदान है। सॉफ्टवेयर क्षेत्र की बेस्ट प्रतिभा को अवसर देने की नीतियों के चलते ही भारत सॉफ्टवेयर का सुपर पावर बना। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली है। जैसा कि सीएम सिद्धरमैया की सरकार ने कहा है कि स्थानीय कन्नड़ लोगों के लिए निजी कंपनियों में अनिवार्य आरक्षण संबंधी विधेयक आने वाले वक्त में कर्नाटक सरकार लेकर आएगी, तो इसका सबसे अधिक प्रभाव बेंगलुरु स्थित सॉफ्टवेयर व बायोटेक कंपनियों पर पड़ेगा। प्रस्तावित बिल का विरोध करने वालों में उनकी सरकार के मंत्री भी है, उद्यमी भी है और नास्कॉम भी है। उद्यमियों ने चेताया है कि तकनीक के क्षेत्र में जो ऊंचा स्थान भारतीय इंडस्ट्री ने पाया है, उस पर इस तरह के बिल का असर नहीं पड़ना चाहिए। नैस्कॉम ने कहा है, तकनीक क्षेत्र जीडीपी में 25 फ़ीसदी की हिस्सेदारी रखता है, ऐसे बिल से इंडस्ट्री की ग्रोथ पर असर होगा। वर्ष 2020 में ऐसा ही एक कानून हरियाणा सरकार भी लाई थी लेकिन उसे पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था, क्योंकि ये संविधान की धारा 19 का उल्लंघन था। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड में भी सीमा से बाहर जाकर आरक्षण देने की कोशिश नाकाम हो चुकी है। कानूनन सभी भारतीयों का डोमिसाइल एक ही है। यह संविधान के अनुच्छेद 5 में परिभाषित है। इसका उल्लंघन देश की अखंडता को खतरे में डालेगा। संविधान का अनुच्छेद 14 समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15 व 16 जन्म स्थान या निवास स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। 1992 में इंदिरा साहनी मामले में फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया था कि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी। आरक्षण की यही सीमा मूल निवासी आरक्षण में भी होनी चाहिए। 1984 में प्रदीप जैन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा था कि मूल निवासी उम्मीदवारों को कुछ प्राथमिकता दी जा सकती है, लेकिन ये पूरी तरह नहीं हो सकती और इससे गैर-निवासियों को बाहर नहीं रखा जा सकता। 1995 में सुनंदा रेड्डी बनाम आंध्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पीजी मेडिकल कोर्सेस में मूल निवासियों को 100 फीसदी आरक्षण को रद कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण के कारण योग्यता और दक्षता से समझौता नहीं होना चाहिए। इसी तरह 2002 में कैलाश चंद शर्मा बनाम राजस्थान सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में मूल निवासियों को कुछ खास फायदे देने वाले राजस्थान सरकार के फैसले को अमान्य करार दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। कर्नाटक को भी आरक्षण पर फैसला संवैधानिक दायरे में ही करना चाहिए।



उम्मीद
योगेश कुमार गोयल

# पेरिस ओलंपिक में चमकेगा भारत

**पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज 26 जुलाई को होगा। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही प्रतिस्पर्धा की थी। यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।**

छब्बीस जुलाई को पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज होने जा रहा है, जो 11 अगस्त तक चलेगा। 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी इस बार काफी विशेष होने वाली है, जो ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी नदी पर होगी। दरअसल ओलंपिक खेलों की ओपनिंग सेरेमनी इससे पहले हमेशा किसी विशाल मैदान अथवा स्टेडियम में ही होती रही है लेकिन पहली बार यह भव्य आयोजन पेरिस की सीन नदी पर होगा। पेरिस की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर खेलों के इस महा-उत्सव को और ज्यादा यादगार बनाएगी। 2024 के ओलंपिक खेलों को खास बनाने के लिए पेरिस ने पिछले एक दशक में अनेक विशेष तैयारियां की हैं। फ्रांस की स्पिरिट को दर्शाता पेरिस ओलंपिक का पदक भी बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है, प्रत्येक पदक में एफिल टावर का असली लोहा लगाया गया है। स्वर्ण पदक का वजन 529 ग्राम, रजत पदक का 525 ग्राम और कांस्य पदक का वजन 455 ग्राम है।

2024 के ओलंपिक खेलों की खास बात यह है कि पेरिस ओलंपिक में इस बार कराटे, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल जैसे कुछ खेल ओलंपिक का हिस्सा नहीं होंगे, जो टोक्यो ओलंपिक का हिस्सा थे। इन खेलों को इस बार ओलंपिक से हटा दिया गया है जबकि चार नए खेलों को ओलंपिक में जोड़ा गया है। ब्रेकडांसिंग का ओलंपिक में डेब्यू होगा, वहीं स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग भी ओलंपिक में शामिल हुए हैं। हालांकि पेरिस ओलंपिक में जो चार नए खेल शामिल हुए हैं, उनमें किसी भी भारतीय एथलीट ने क्वालीफाई नहीं किया है। 2024 के ओलंपिक खेलों में कुल 32 खेलों के अंतर्गत 329 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही पांच खेलों (टेनिस, नौकायन, क्रोकेट, घुड़सवारी और गोल्फ) में प्रतिस्पर्धा की थी। उसके बाद 2012 में लंदन में आयोजित हुए ओलंपिक खेल पहली बार इस मायने में ऐतिहासिक रहे थे, जब महिलाओं ने ओलंपिक में आयोजित प्रत्येक खेल स्पर्धा में भाग लिया था। ओलंपिक खेलों के इतिहास में वह पहला ऐसा मौका था, जब महिलाओं ने किसी भी ओलंपिक के हर खेल में हिस्सा लिया हो। उसके बाद 2016 के रियो ओलंपिक में तो कुल प्रतिभागियों में से करीब 45 प्रतिशत महिला प्रतिभागी थी। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में तो महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। उस ओलंपिक खेल में सभी प्रतिभागियों में करीब 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल थी। जहां तक पेरिस ओलंपिक में भारत की बात है तो भारत 26वीं बार ओलंपिक में हिस्सा लेगा। पेरिस ओलंपिक में पिछली बार की तुलना में खिलाड़ियों की संख्या कम हुई है। टोक्यो में हुए ओलंपिक में भारत के 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस बार




भारत के 118 खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेंगे और पूरी उम्मीद है कि इस बार भारत ओलंपिक में पिछली बार के मुकाबले और ज्यादा पदक हासिल करने में सफल होगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डा. मनसुख मांडविया के मुताबिक पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में भारत के 48 महिला एथलीटों सहित कुल 118 एथलीट भाग ले रहे हैं और इन 118 एथलीटों में से 26 खेलो इंडिया के एथलीट हैं और कुल 72 एथलीट पहली बार ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

ओलंपिक के इतिहास में भारत अब तक कुल 35 पदक जीत चुका है, जिनमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने पहली बार 1900 में हुए ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टोक्यो ओलंपिक में ही कुल 7 पदक जीते थे। ओलंपिक खेलों के इतिहास में टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा था। तब 121 वर्षों के ओलंपिक इतिहास में जहां भारत को एथलेटिक्स में पहली बार स्वर्ण पदक हासिल हुआ था, वहीं टोक्यो ओलंपिक में भारत ने उस समय तक के सर्वाधिक पदक जीते थे। टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम भले ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकी थी, लेकिन उसने भी जिस जोश और जज्बे के साथ सारे मैच खेले थे, वह भी बेहतरीन था। टोक्यो ओलंपिक इस मायने में भी बेहद खास रहा था कि ओलंपिक की शुरूआत भी भारत ने पहले ही दिन पदक जीतकर की थी और खेलों के आखिरी दिन भी दो पदक जीते थे। आखिरी दिन तो भारत के लिए ऐतिहासिक रहा था, क्योंकि उस दिन भारत ने दो अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रचा था। भारत का ओलंपिक में सबसे ज्यादा छह पदक जीतने का रिकॉर्ड 2012 के रियो ओलंपिक का था, जबकि टोक्यो ओलंपिक में पिछली बार भारत एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीतने में सफल हुआ था। जैवलिन थ्रो में जब नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था तो समूचे भारत ने एक स्वर में वन्देमातरम का जयघोष किया था। दरअसल ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए भारत में खेलों की दशा और दिशा सुधरने की उम्मीदें बलवती हुई और इस बार भी ओलंपिक में नीरज चोपड़ा सहित कई भारतीय खिलाड़ियों से स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। उम्मीद है कि भारतीय एथलीट दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच के पोडियम पर पहुंचने के लिए अपना पूरा दमखम दिखाएंगे और भारत की झोली पदकों से भर देंगे।

भारत को नीरज चोपड़ा के अलावा अपने 21 सदस्यीय निशानेबाजी दल, पुरुष हॉकी टीम, सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स बैडमिंटन जोड़ी, दो बार की मुक्केबाजी विश्व चैंपियन निकहत जरीन, बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन, कुश्ती में विनेश फोगाट, बैडमिंटन में 2016 के रियो ओलंपिक में रजत और 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकी पीवी सिंधु, भारोत्तोलन में मीराबाई चानू, शूटिंग में सिफ्त कौर समरा, गोल्फ में अदिति अशोक से पदक जीतने की प्रबल उम्मीदें हैं। यदि भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल हो जाते हैं तो वे ओलंपिक में लगातार दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन जाएंगे। इसी प्रकार यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। कुल 8 बार स्वर्ण पदक और 1960 में रजत पदक जीत चुकी भारतीय हॉकी से भी भारत को पेरिस ओलंपिक में बहुत उम्मीदें हैं। बहरहाल, अपनी असाधारण प्रतिभा और करोड़ों भारतीयों की दुआओं के साथ ओलंपिक में हिस्सा लेने पेरिस जा रहे भारतीय एथलीटों से पूरे देश को बड़ी उम्मीदें हैं। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और पूरी दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दरकार
अरविंद जयतिलक




# सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हो

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराए। निःसंदेह सरकार द्वारा अपने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण इसे विस्तार देने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा का अभिप्राय ऐसी सभी सेवाओं, साधनों और सुविधाओं से है जो नागरिकों को दी जाती है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होता है। सामाजिक सुरक्षा श्रम कल्याण का एक मुख्य संघटक है और उसे निरंतर विकास प्रक्रिया के एक अंग के रूप में देखा जाता है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैये के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन्न करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन्न जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है, इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कामगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। हालांकि इस योजना में काफी भ्रष्टाचार की बात उठती है फिर भी यह योजना प्रभावकारी साबित हुई है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को गेहूं और चावल दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के तहत सरकार ने राष्ट्रीय आवास नीति 1992 संसद में प्रस्तुत की। अगस्त 1994 में संसद ने इसका अनुमोदन कर दिया। राष्ट्रीय आवास नीति का प्रमुख लक्ष्य आवासहीन व्यक्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराना है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है। बेहतर होगा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा का दायरा का विस्तार करे जिससे सर्वाधिक नागरिकों का कल्याण हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## सटाका




## आज की पाती

### अमरीका में नेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी

हाल ही में अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ है। इसमें वो बाल बाल बच गए। सारी दुनिया ने इस हमले की घोर निंदा की है। इस हमले की वजह क्या रही, इसकी सच्चाई जांच से ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंप पर हुए हमले ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सुरक्षा की पोल खोल दी। वहां की खुफिया एजेंसियों की नाकामी भी सामने आ गई है। अमरीका को इस हमले से सबक लेना चाहिए कि उसके यहां सुरक्षा व्यवस्था लचर है। इनसान को अपनी धन, दौलत, कुर्सी या सत्ता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए और न ही अहंकारवश दूसरों को नासमझ और खुद को समझदार समझना चाहिए। यह घटना अमरीका में राजनेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी का प्रमाण है। *- सुयश देशकर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### विरासत का सम्मान करें



नेल्सन मंडेला की करुणा और शांति के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा एक गहरी व्यक्तिगत प्रेरणा रही है। मंडेला दिवस, आइए उनकी विरासत का सम्मान करें और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने की दिशा में अपना हाथ बढ़ाएं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### ऐसी विचारधारा को दूर रखना



कांवड़ यात्रा के रूट पर फल-सब्जी विक्रेताओं व रेस्टोरेंट मालिकों को बोर्ड पर अपना नाम लिखना होगा। ये तय करने वाले कि कौन क्या खाएगा, अब ये भी तय करेंगे कि कौन किससे खरीदेगा? हमें ऐसी विचारधारा को खुद से दूर रखना होगा।

**-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता**


### इंजन को बदलेगी जनता



हरियाणा के लोगों को आम आदमी पार्टी से उम्मीद है। हमने दिल्ली और पंजाब में काम करके दिखाया है। दिल्ली के काम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। हरियाणा के हाल को बदलने के लिए इस बार जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी और खट्टर-सैनी के इंजन को बदलेगी।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### अफसोस मत करो



मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "यदि आप 38 वर्ष के हैं तो दोबारा 18 वर्ष का न होने का अफसोस मत करो। इसके बजाय, कल्पना करें कि आप 90 साल के हैं और 38 साल की उम्र में जागकर अगले 50 साल जीने के लिए उत्साहित हैं।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


### आतंकवाद अधिनियम खत्म करे श्रीलंका :ह्यूमन राइट्स



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने श्रीलंका से आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) को समाप्त करने का आग्रह करते हुये दावा किया है कि द्वीपीय राष्ट्र ने विश्वसनीय साक्ष्यों के बिना कथित विरोधियों और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया है। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार समूह ने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ से भी आग्रह किया है कि वे श्रीलंका पर इस कानून को समाप्त करने के लिए दबाव डालें, जिसे उसने इसे खत्म करने का बार-बार वादा किया लेकिन इस पर अमल नहीं कर सका है। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'जहां कुछ पीड़ितों को कई सालों तक मनमाने ढंग से हिरासत में रखा गया और यातनाएं दी गईं, वहीं अन्य को उनके खिलाफ मामला समाप्त होने के बाद भी सताया गया।' संगठन की ओर से बयान जारी करने के बारे में किसी भी तात्कालिक कारण का उल्लेख नहीं है। एचआरडब्ल्यू की उप एशिया निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, 'श्रीलंका का व्यापक घरेलू सुरक्षा तंत्र नियमित रूप से निर्दोष लोगों को निशाना बनाने, आलोचकों को चुप कराने और अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने के लिए इस कानून का इस्तेमाल करता रहा है।'

## ऑफ बीट

### सदी पुराने सर्पदंश के उपचार में जल्द आ सकती है क्रांति



अनेक कोबरा सांप ऊतकों को नष्ट करने वाले जहर से युक्त होते हैं और उनका इलाज मौजूदा 'एंटीवेनम' से नहीं किया जा सकता। हमने सस्ते और खून को पतला करने की दवा की खोज की है जिसका इस्तेमाल इन विष के असर को कम करने में किया जा सकता है। सीआरआईएसपीआर जीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हमने कोशिकाओं पर इस विष के प्रभाव करने के तरीके के बारे में जाना है और पाया है कि सामान्य दवा श्रेणी में आने वाली 'हेपरिनोइड्स' कोशिकाओं को इस जहर से बचा सकती है। सर्पदंश गंभीर समस्या सांप का जहर कई अलग-अलग यौगिकों से बना होता है। आम तौर पर यह हृदय, तंत्रिका तंत्र या काटने के स्थान पर ऊतकों (त्वचा एवं मांशपेशियों के) को नुकसान पहुंचाता है। मौजूदा समय में सर्पदंश का एकमात्र इलाज एंटीवेनम है। इस दवा को तैयार करने के लिए पहले जानवर के शरीर में जहर की थोड़ी मात्रा पहुंचाई जाती है और उससे तैयार एंटीबॉडी से दवा बनाई जाती है। एंटीवेनम जिंदगियां तो बचाती है लेकिन इसके कई नकारात्मक पहलू भी हैं। प्रत्येक एंटीवेनम किसी खास प्रजाति या एक से अधिक प्रजाति के सांप के काटने पर कारगर होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### मेहड़ दरबार में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज से

**कटनी।** श्री मेहड़ दरबार की दादी साहिब नानकी देवी के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव गुरू के अखण्ड पाठ साहिब से आज से आरंभ होगा। समाजसेवी वरंद चांदवानी ने बताया कि आज 19 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 9 बजे श्री गुरू का अखण्ड पाठ आरंभ होगा। सायंकाल 5 से 7 बजे तक नित नये वाहिगुरू जाप व बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा सत्संग भजन कीर्तन का आयोजन होगा। 20 जुलाई दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से श्री सत्य नारायण स्वामी की व्रत कथा आरती अरदास प्रसाद वितरण होगा एवं सायंकाल 5 बजे से नितनेम शब्द कीर्तन का कार्यक्रम होगा। 21 जुलाई दिन रविवार को गुरू पूर्णिमा के शुभ दिन प्रातः 9 बजे से समाधि स्थल पर गुरूदेवों का पंचामृत स्नान, पूजन अर्चना के बाद 11 बजे से आम भण्डारा (गुरू का लंगर) आरंभ होगा। दोपहर 12 बजे से सत्संग भजन कीर्तन व श्री गुरू के अखण्ड पाठ साहिब को भोग पडेग़ा एवं आरती अरदास आदि कार्यक्रम का आयोजन होगा। अतः सभी धर्मप्रिय जनों से भाई नारायण दास जी ने आग्रह किया है कि इस शुभ अवसर पर सपरिवार पधारकर धर्म लाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनायें।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश एवं ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

**कटनी।** सत्र 2024-25 मे स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु सीएलसी द्वितीय चरण के विभिन्न कार्यो के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु 18 जुलाई से 31 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार 18 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक सीएलसी द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन पंजीयन किया जायेगा तथा दस्तावेजों का सत्यापन 18 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जायेगा। अंतिम तिथि 23 जुलाई को सत्यापन उपरांत सीएलसी चरण के सीट आवंटन की कार्यवाही 27 जुलाई तथा आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 27 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जा सकेगा।

### लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अगस्त से 15 अक्टूबर तक, आवेदन 23 जुलाई तक

**कटनी।** प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने बताया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त 2024 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 23 जुलाई 2024 की शाम 5 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे।

### सीएम से वर्चुअल संवाद में उद्योगपतियों ने कहा कि उद्योगों को सब्सिडी देने वाला मप्र देश का पहला राज्य

# कटनी रेलवे का बड़ा जंक्शन, निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार सहित व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये 20 जुलाई को जबलपुर में हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिये गुरुवार को भोपाल से यहां कटनी जिले के कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी कक्ष में मौजूद उद्योगपतियों से वर्चुअल संवाद के दौरान यह विचार व्यक्त किये। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद सहित सभी उद्योगपति मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिये कटनी जिले सहित जबलपुर,डिंडौरी, नरसिंहपुर व मंडला में के उद्यमियों के साथ गुरूवार को वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों से संवाद के पीछे और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन का उद्देश्य यह है कि प्रदेश मे उद्योग, व्यवसाय व कारोबार



दोगुना हो जाये। उन्होने कहा कि यहां चल रहे उद्योगों की कठिनाईयों को दूर करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कटनी मे रोजगार परक औद्योगिक इकाईयों की संख्या बढ़ानें की बात उद्योगपतियों से करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों को जमीन, पानी और बिजली सहित अन्य जरूरी सहूलियतें मुहैया करा रहीं है। इसके अलावा रोजगार परक उद्योगों में काम कर रहे श्रमिको के लिए पांच हजार रूपये प्रति श्रमिक के मान से सहायता राशि भी प्रदान करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है, जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नये उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाईयाँ आती है। लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

लधु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण सोनी ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल संवाद मे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए आभार जताते हुए कटनी मे गारमेंट क्लस्टर स्थापित कराने और उद्योगों को डीबीटी की सुविधा मुहैया कराने को सरकार का अभूतपूर्व कदम बताते हुए धन्यवाद दिया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कटनी रेल्वे का बहुत बड़ा जंक्शन है, कटनी जिले में रेल्वे से संबंधित औद्योगिक इकाईयों की अपार संभावनाए है, यहां उद्योगपति रेल्वे से संबंधित इंडस्ट्री लगाने आगे आयें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी को केवल खनिज, पत्थर, चूना और सीमेंट के लिए न जाना जाये, बल्कि रेल्वे ट्रेक और रेल से संबंधित विनिर्माण उद्योग स्थापित करने की दिशा मे भी उद्योगपति पहल करें।

मध्यप्रदेश लद्यु उद्योग संघ के सचिव और मैसर्स जयंत सिरेमिक औद्योगिक क्षेत्र बरगवां के उद्योगपति सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि 20 जुलाई को आयोजित जबलपुर के कान्क्लेव में बडा पूंजी निवेश आनें की संभावना है लेकिन पूर्व से स्थापित उद्योगों पर भी सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता की बात कही। श्री मिश्रा ने कहा कि उद्योगों से संबंधित किसी भी निर्णय में स्थानीय उद्योंग संगठनों की राय को भी शामिल किया जाये।

वर्चुअल संवाद के दौरान मध्यप्रदेश रिफैक्ट्रीज मैनिफैक्चर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष अरविंद गुगलिया ने कहा कि मध्यप्रदेश मे उद्योगों को 40 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही है जो पूरे देश में और कहीं नही मिलती है। इससे प्रदेश मे उद्योग धंधे काफी फल- फूल रहे है। जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुगालिया की इस बात पर ताली बजाई जाय कि मध्यप्रदेश इंड्रस्ट्रियल फ्रेंडली स्टेट है। श्री गुगलिया ने मिनरल इंडस्ट्रियों के लिए और अधिक सुविधाएं शासन स्तर से प्रदाय करने का आग्रह किया। इस दौरान एनआईसी कक्ष में महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक राकेश पटेल और रंजीत सिंह गौतम, उद्योगपति मनीष गेई सहित उद्योगपतियों की उपस्थिति रही।

### हैदराबाद में मिली लापता नाबालिग

**कटनी।** घर से बिना बताये अचानक लापता हो गई एक नाबालिग को पुलिस ने हैदराबाद से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाकला थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी प्रार्थी ने थाना उपस्थित रिपोर्ट लेख कराया कि 10.07.24 को करीब 10.00 बजे से मेरी नाबालिग लड़की बिना बताये कही चली गई है जिसकी तलाश आसपास एवं रिश्तेदारी मे किया जिसका कोई पता नहीं चला। मुझे शंका है कि मेरी नाबालिग लड़की कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना बाकल मे अप.क्र. 246/24 धारा 137 (2) BNS 2023 का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में गुम बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे "मुस्कान अभियान" के पालन मे मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट अधिकारीगण के दिशा निर्देशन मे टीम गठित कर नाबालिग बालिका को 17.07.2024 को हैदराबाद (आन्ध्र-प्रदेश) से दस्तयाब कर परिवारजनो के सुपुर्द किया गया है।

### उमरियापान में हुई मंडल कार्यसमिति की बैठक

# कार्यकर्ताओं का सम्मान ही प्राथमिकता व विशेषता, कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा एक ऐसा राजनीतिक दल है जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान है। हमारे लिए किसी भी बड़े दायित्व वाला पहले एक साधारण कार्यकर्ता होता है यह विचार कल बड़वारा विधानसभा के उमरियापान मण्डल की कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने व्यक्त किये।

मंडल स्तर पर भाजपा की कार्यसमिति की बैठकों के क्रम में मंडलों में कार्यसमिति बैठक आयोजित की गईं। उमरियापान में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन उमरियापान स्थित मंगल भवन में किया गया।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के साधारण कार्यकर्ता को संगठन के सम्मान का उदाहरण वह स्वयं है जिन्हें पार्टी ने आज क्षेत्र की सेवा का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ही हमारी प्राथमिकता और विशेषता है।

इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने बताया कि 19 जुलाई तक शक्ति केन्द्र सम्मेलन के दौरान बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह आयोजित किए जायेंगे। 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मठ, मंदिर, आश्रम में संत, महात्मा पूजन अर्चन करेंगे। 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस की 25वी वर्षगांठ के अवसर पर सैनिकों का सम्मान, प्रतिमा स्थलों, स्मारकों पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 28 जुलाई, रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम को जिले के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुना जायेगा। 4 अगस्त हरियाली अमावस्या तक ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान वृहद स्तर पर संचालित किए जायेंगे।

### मौलिक अधिकारियों व कर्तव्यों की दी जानकारी



गुरूवार को सी0एम0राईस मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश, सचिव निलेश कुमार जिरेती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) 2015 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि पहले कर्तव्यों का पालन करना चाहिए तत्पश्चात अधिकारों का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनुज चंसोरिया ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि अधिकार ओर कर्तव्य एक साथ प्राप्त होने की दशा में हमेशा अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, इस अवसर पर छात्रों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में प्रभारी प्राचार्य नीरज दुबे सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

### नगर के मुख्य मार्गों से निकला ताजियों का जुलूस, मांगी अमन चैन की दुआ

# मोहर्रम में निकाले गए ताजिया व सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हुसैन शहीदाने कर्बला वालों की याद में मातमी पर्व मुहर्रम का त्यौहार बड़वारा नगर में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर मनाया जिसमें मोहर्रम की 9 तारीख को रात में ताजियों के साथ सवारी का नगर में गस्त कराया गया साथ ही 10 दिन तक यादें हुसैन में मजलिसे पाक का प्रोग्राम भी रखा गया। मातमी पर्व मोहर्रम पर बड़वारा नगर में ताजिया निकाले गए। इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम में स्मारक आता है यह आयोजन कर्बला की लड़ाई की सालगिरह है जब इमाम हुसैन अली को परिवार सहित कर्बला की लड़ाई में उमायाद खालिफ द्वारा शहीद कर दिया गया था। इसे मोहर्रम के मातमी पर्व के रूप में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाता है। ताजिया के साथ सवारियां भी



निकाली गईं। ताजिया के साथ ही बाबा की सवारी भी इमामबाड़ा से निकाली गई जो गढ़ी के पास बाबा की मजार के पास एलत्रित हुई। ततपश्चात ताजिया का जुलूस बाबा की सवारी के साथ , झंडा बाजार,बसस्टैंड स्थित मस्जिद से होते हुए मिसिन चौक पहुंचा इसके बाद नगर का भ्रमण करते हुए कर्बला तक पहुंच जहां पर भारी तादाद में मुस्लिम भाइयों के साथ ही हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत किया व हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों तथा सभी के अमन चैन के लिए बाबा से दुआ मांगी।

सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

मोहर्रम पर्व आपसी सामंजस्य व सद्भाव के साथ मनाया जाय कहीं पर भी किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाए इसके लिए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस के जवान हर गली चौराहे व जुलूस में पूरी सजगता से पैनी नजर बनाए रखे जिससे मोहर्रम पर्व शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दी जानकारी

# पौधारापेण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, रा से यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह एवं पर्यावरण समिति प्रभारी मनीष मिश्रा के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ, एलुमिनाई समिति के सदस्यों, रा से यो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम मे डॉ. अरविंद सिंह ने सहभागिता करने वाले प्रतिभागियो को रोपे गये पौधों की फोटो वायुदूत एप में अपलोड करने के लिए प्रेरित किया साथ ही वायुदूत एप एवं पंजीयन की प्रक्रिया में गूगल प्ले स्टोर



से वायुदूत- अंकुर एप को डाउनलोड करने, एप डाउनलोड कर पंजीयन की जानकारी क्रमशह निम्नानुसार और बताई सर्वप्रथम इच्छित भाषा हिंदी, अंग्रेजी का चयन कर नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें, मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर वेरीफाई कर तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेरिफिकेशन के पश्चात नया वृक्षारोपण- न्यू प्लेटफार्म पर क्लिक करें। उपलब्ध सूची में से पौधों की प्रजाति का चयन करें। इसके बाद रोपित प्रजाति उपलब्ध न होने पर अन्य पर क्लिक करें तथा रोपित की जाने वाली पौधे की प्रजाति का नाम अंकित करें। रोपित पौधों की संख्या लिखें और रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप के माध्यम से अपलोड करें। पौधरोपण स्थल की जानकारी देने के लिए plantation site infor-matoin में लिखें।

पौधरोपण किये गए पौधे की फोटोग्राफ फिर से देखने एवं 30 दिनों के बाद दूसरी फोटो अपलोड करने के लिए मबवदक चेवजव ब्चजनतम पर क्लिक करें। एप के माध्यम से दूसरी बार फोटो अपलोड करने के बाद एप से सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। मोबाईल नेटवर्क न होने की स्थिति में भी ऑफलाईन मोड में एप के माध्यम से फोटोग्राफ अपलोड किये जा सकेंगे। मोबाईल में नेटवर्क आने पर फोटोग्राफ स्वतः एप पर अपलोड हो जायेगे। ऑफलाईन अवस्था में एप पर फोटो अपलोड करने के लिए पूर्व से एप पर लॉगिन रहना आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सभी को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया।

### अभियान के सफल संचालन हेतु जनप्रतिनिधियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

# राजस्व महा- अभियान 2.0 के संबंध में जनप्रतिनिधियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार 31 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले राजस्व महा-अभियान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधयों का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाने हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल द्वारा राजस्व महाअभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की सूचना पूर्व से ही स्थानीय ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जिला पंचायत सदस्य, सांसद प्रतिनिधियों सहित अन्य जनप्रनिधियों को प्रदाय करने की बात कही। समग्र ई-के.वाय.सी के प्रकरणों तथा पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु किसानों को जागरूक करने का भी सभी नें सुझाव दिया।

विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह



द्वारा महाभियान के दौरान सभी ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करनें तथा अभियान के दौरान शिविर आयोजित होने के पूर्व ग्राम पंचायतों में प्रचार - प्रसार कराने, ग्रामवार जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करनें तथा चौपाल स्थलो की जानकारी पूर्व से प्रदान करनें की बात कही।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान चोपाल के माध्यम से आरसीएमएस प्रकरण के अंतर्गत कोर्ट में लंबित समस्त अविवादित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाकर आरसीएमएस में दर्ज किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समग्र ई-के.वाय.सी हेतु सीएससी सेंटरों को मोबिलाइज कर लंबित हितग्राहियों के ई-के.वाय.सी का कार्य पूर्ण किया जायेगा। नक्शा तरमीम के लंबित प्रकरणों को पूर्ण कराने के लिए तहसीलदारों द्वारा ग्रामवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पीएम किसान सैचुरेशन के तहत ग्राम वार शिविर लगाकर हितग्राहियों के लंबित ई-केवायसी, एनपीसीआई बैंक लिंकिंग एवं एलआर लिंकिंग को पूर्ण करने का कार्य भी किया जायेगा।

बैठक के दौरान उपस्थित जनों को समग्र ई-के.वाय.सी, नक्शा तरमीम, पीएम किसान योजना के हितग्राहियों के लक्ष्य के विरूद्ध लंबित केवाईसी के प्रकरणों, पीएम किसान योजना के एनपीसीआई बैंक एवं एलआर लिंकिंग के हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जाकर अभियान के दौरान सहयोग प्रदान करने तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने का आग्रह किया गया।

#### ये होगी कार्यवाही

अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों का निराकरण और सीमांकन प्रकरणों निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती और सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

राजस्व महा अभियान में निशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। राजस्व महा अभियान में अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग करेंगे।

# जिला न्यायालय परिसर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में गुरूवार 18 जुलाई 2024 को वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर कटनी में पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरमिन्दर सिंह राठौड सहित अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में अधिक संख्या में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधा रोपण के पश्चात श्री धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व प्रत्येक मनुष्य का है, इसलिए हम सभी को इसका ध्यान रखते हुये



अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए तथा इनका पोषण करना चाहिए। वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत तहसील न्यायालय परिसर ढीमरखेड़ा में भी धरमिन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश राज कुमार भारके न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पौधा रोपण कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।



# 'बजरंगी भाईजान' के नौ साल पूरे निर्माताओं ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली।** 'बजरंगी भाईजान' 17 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने अपनी रिलीज को नौ साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म को बनाने वाली कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने बरजंगी भाईजान के कुछ पर्दे के पीछे दृश्य फैंस के साथ साझा किए। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हम बजरंगी भाईजान के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम आपको बजरंगी भाईजान के पर्दे के पीछे (बीटीएस) एक्शन से पहले और कट के बाद हुई पागलपन भरी मस्ती के पलों के साथ पुरानी यादों में ले चल रहे हैं।' इस बीटीएस वीडियो में फिल्म के कलाकारों को मस्ती मजाक करते हुए देखा जा सकता है।

## लाइफ Style



# दीपिका

## परोसी थाली दिखाकर दिए डाइटिंग टिप्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही हैं। रखना भी चाहिए, आखिर नई जिम्मेदारी जो निभानी है। दीपिका गर्भवती हैं और इन दिनों अपनी सेहत और खानपान का ध्यान रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी भरपूर समय बिता रही हैं और अपने फैंस को भी बीच-बीच में सलाह दे देती हैं।

दीपिका ने अपने फैंस को खानपान संबंधी कुछ टिप्स दिए हैं और साथ ही संतुलित आहार का महत्व बताती दिखी हैं। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर खाने के कुछ आइटम्स की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें समोसा है, मिठाई है, केक और आइसक्रीम जैसी चीजें भी हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'क्या आप मेरे फीड पर यह देखकर हैरान हैं? खैर, मैं ये सब खाती हूं! और मैं अच्छे से खाती हूं! जो कोई भी मुझे जानता है, उससे पूछिए। इसलिए आप जो कुछ भी सुनते या पढ़ते हैं, उस पर विश्वास न करें'। दीपिका ने आगे लिखा, 'लेकिन इसकी ट्रिक क्या है? बैलेंस, स्थिरता और अपने शरीर की सुनना। ऐसा लगता है कि 'डाइट'शब्द को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं। हम अक्सर मानते हैं कि 'डाइट'का मतलब है भूखा रहना, कम खाना और वो सब खाना जिनसे हमें नफरत है। लेकिन, 'डाइट'का मतलब हकीकत में यह है कि कोई व्यक्ति जो भी खाना और पेय पर्दार्थ लेता है। यह शब्द वास्तव में ग्रीक शब्द 'डायटा' से आया है, जिसका अर्थ है 'जीवन जीने का तरीका'। दीपिका ने आगे लिखा, 'जहां तक मुझे याद है, मैंने हमेशा 'संतुलित आहार'का पालन किया है। और यह मेरे लिए 'जीवन जीने का एक तरीका' है। मैंने कभी भी ऐसा आहार नहीं अपनाया है, जिसका मैं लगातार पालन न कर सकूं या जो एक सनक बन जाए।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म क्वार्टर की योजना का अनावरण

**लंदन।** कैमडेन फिल्म क्वार्टर नामक विकास परियोजना के तहत लंदन में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो बनाने की योजना का अनावरण किया गया है। लंदन बरो ऑफ कैमडेन के केंटिश टाउन में साउंडस्टेज, नेशनल फिल्म एंड टीवी स्कूल कैंपस, और घरों और कार्यस्थलों की योजना है। कैमडेन फिल्म क्वार्टर एक ऐसी जगह होगी, जिसमें सुविधाएं, आवास और सार्वजनिक स्थान होंगे। इसमें फिल्म और टीवी मुख्य होंगे। साथ ही इंडस्ट्री के लिए कई स्टूडियो और स्थान होंगे।



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 शो में हुई नए कलाकारों की एंट्री

**लॉस एंजिलिस।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स के आगामी पांचवें सीजन को लेकर एक नया ऐलान किया है। दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से पांचवें सीजन के लिए तीन और कलाकारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। साथ ही, नेटफ्लिक्स ने शो के पर्दे के पीछे के वीडियो के जरिए इन तीनों कलाकारों और लिंडा हैमिल्टन की झलक भी साझा की है। पांचवें सीजन की लगभग आधी शूटिंग खत्म हो चुकी है। जारी किए गए वीडियो में सीजन 4 के फिनाले में हुई भयावह घटना के बाद के कुछ सुराग दिए गए हैं। वीडियो में हॉकिन्स हाई स्कूल जिसमें, शो के मुख्य किरदार पढ़ते हैं, वह काफी हद तक बरकरार दिख रहा है।



# ये सात फिल्में कर दी थीं रिजेक्ट

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं।। वहीं इन दिनों वह प्रेग्नेंसी रुमर्स के चलते सुर्खियों में हैं। लेकिन फिल्मी करियर की बात करें तो वह उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी। इनमें नमस्ते लंदन से लेकर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और एक था टाइगर जैसी फिल्में हैं। 17 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्में रिजेक्ट कीं। लेकिन सात ऐसी फिल्में, जिन्हें रिजेक्ट ना करती तो कटरीना कैफ का रुतबा कुछ अलग ही था। इस लिस्ट में 300 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस, दूसरी फिल्म बर्फी, तीसरी फिल्म रामलीला, चौथी फिल्म ये जवानी है दीवानी, पांचवी फिल्म बाजीराव मस्तानी, छठी फिल्म गुंडे, सातवीं फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड है, जिसमें श्रद्धा कपूर औऱ अर्जुन कपूर लीड रोल में थे। लेकिन इससे पहले कटरीना कैफ को फिल्म ऑफर हुई थी।



# राघव जुयाल की विलेनगिरी ने जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** कल्कि 2898एडी को टक्कर देने 12 दिन पहले यानी 5 जुलाई को किल रिलीज हुई थी। एक्शन थ्रिलर मूवी में डेब्यू कर रहे एक्टर लक्ष्य और राघव जुयाल नजर आ रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं राघव जुयाल को बॉलीवुड फिल्में और डांस रियलिटी शोज में कॉमेडी को लेकर काफी फेमस हैं। वह किल में विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने रीमेक को लेकर अपडेट दिया और निखिल नागेश भट निर्देशित फिल्म 'किल' के भारतीय रीमेक के बारे में चल रही अटकलों को साफ किया है। धर्मा प्रोडक्शन ने स्टेटमेंट ने जारी करते हुए लिखा, 'हमारी फिल्म किल के रीमेक को लेकर हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए हम पुष्टि करते हैं कि केवल अंग्रेजी भाषा के रीमेक के अधिकार बेचे गए हैं।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता...' में फिर टूटी पोपटलाल की सगाई

नई दिल्ली। 'तारक मेहता' में हाल ही पोपटलाल की शादी फिर से कैंसिल हो गई, जिससे फैंस निराश हो गए। पोपटलाल की मधुबाला से सगाई हो रही थी पर थैलेसीमिया के कारण उनकी शादी तोड़नी पड़ी। असित मोदी ने इस पर रिएक्ट किया और बताया कि पोपटलाल की शादी क्यों कैंसिल करनी पड़ी। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के लेटेस्ट एपिसोड में दर्शकों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब पोपटलाल और मधुबाला की सगाई टूट गई। दर्शक लंबे वक्त से पोपटलाल की शादी का इंतजार कर रहे थे। डॉ. हाथी ने बताया कि पोपटलाल और मधुबाला में थैलेसीमिया के लक्षण हैं। यह एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन का स्तर काफी घट जाता है, जो आगे चलकर घातक साबित हो सकता है। इससे दर्शकों का दिल टूट गया था। फैंस को इस बात से झटका लगा कि पोपटलाल की शादी होते-होते रह गई। अब शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने इस बारे में बात की है। उन्हें पता है कि दर्शक 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी न होने से कितने निराश हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक शो की कहानी पर फोकस करें और देखें कि किस तरह थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है।

# लड़की के चक्कर में हुई थी अदनान शेख की पिटाई?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के पहले वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में अदनान शेख की एंट्री हुई है। अदनान के घर में आने से हलचल और ज्यादा बढ़ गई है। जहां कुछ नई गतिशीलताएं बन रही हैं तो कुछ पुरानी गतिशीलताएं थोड़ी अस्थिर प्रतीत हो रही हैं।



लेटेस्ट एपिसोड में अरमान मलिक अपनी पत्नी कृतिका मलिक से अदनान शेख के बारे में बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसे जानकर दर्शक भी दंग रह गए हैं। बातचीत में अरमान, कृतिका के सामने यह खुलासा करते नजर आए कि कुछ साल पहले अदनान की भीड़ ने पिटाई कर दी थी। अरमान ने खुलासा किया, 'फैजू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम सब में से सबसे ज्यादा गुस्से वाला ये है। खाक गुस्से वाला है, कुछ लोगों ने एक बार इसे घेर कर बहुत मारा था रोड पे।' जब कृतिका ने इसके पीछे का कारण पूछा, तो अरमान ने कहा, 'लड़की के चक्कर में मार खाई थी इसने।' कृतिका तब हैरान रह गईं ।

# जया के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आए अमिताभ

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आ रहे हैं। फैंस अमिताभ के इस जेस्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं, पर उन्हें जया का रवैया पसंद नहीं आ रहा है। कुछ



यूजर्स ने तो इस पर सवाल भी करने शुरू कर दिए। 81 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के सिर पर छाता पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ में लिखा है, 'हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक कि सेट पर काम पर भी।' तस्वीर में जया हाथ में लड्डू पकड़े हैं और चेहरे पर उदासी नजर आ रही है।' इस तस्वीर पर जहां फैंस ने प्यार लुटाया और अमिताभ बच्चन की तारीफ की, वहीं यूजर्स को जया बच्चन का ऐसा अंदाज रास नहीं आया। यूजर्स ने सवाल किया कि जया हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं? वह इस तस्वीर में गुस्से में क्यों हैं? एक यूजर ने कमेंट किया, 'मैडमजी हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं?' एक और यूजर ने लिखा है, 'जीरो से लेकर शोहरत के चरम तक, हर पुरुष की यही हालत है।'

# फिल्मों में नहीं करेंगी काम



**नई दिल्ली।** इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से दूर रह रही हैं। खास तौर पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें अच्छी परवरिश देने के लिए इलियाना ने काम से ब्रेक के बारे में सोचा। इलियाना एक मां के रूप में अपनी जिंदगी के नए फेज को अपना रही हैं और सही समय आने तक लाइमलाइट से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (एएमए) सेशन के दौरान यह खुलासा किया. पिछले साल अगस्त में अपने पार्टनर माइकल डोलन के साथ एक बेटे की मां बनीं इलियाना फिलहाल अपने करियर से ज्यादा अपने परिवार को प्रायौरिटी दे रही हैं। हाल ही में एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने उनसे फिल्मों में वापसी के बारे में पूछा। इलियाना ने जवाब दिया, 'जब सही समय आएगा तब आप मुझे फिल्मों में देख पाएंगे, फिलहाल मैं अपने बेटे को अपना समय देना चाहती हूं।' उन्होंने अपनी नींद के शेड्यूल के बारे में भी अपडेट शेयर किया। बताया कि अब जबकि वह एक फुलटाइम मॉम हैं। 'बर्फी' एक्ट्रेस ने एक फैन के कहने पर अपने पति माइकल के साथ एक फोटो भी शेयर की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, 'प्री-बेबी बेबीज।'

# रानी चटर्जी ने मरून कुर्ते में किया कमाल का डांस




**नई दिल्ली।** बड़की बहू छोटकी बहू की एक्ट्रेस रानी चटर्जी की चर्चा इन दिनों हर ओर है। उनकी भोजपुरी फिल्म बड़की बहू छोटकी बहू यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीत रही है। उनकी अगली फिल्म दीदी नंबर वन का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मरून कुर्ते में किसी मनोहर पार्क या फिर सेट पर नहीं बल्कि टूटी फूटी बालकनी में डांस कर रही हैं। इस वीडियो में भोजपुरी क्वीन का डांस बहुत ही कमाल का है और फैन्स के भी काफी मजेदार कमेंट आ रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो हिंदी गाने बदमाश दिल तो ठग है बड़ा गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने एक सिंपल सा मरून कुर्ता पहना हुआ है। बाल भी पीछे की तरफ बहुत सिंपल तरह से टाई किए गए हैं। मेकअप और दूसरी एसेसरीज भी ना के बराबर हैं। लेकिन रानी चटर्जी ने सारा कमाल अपने एक्सप्रेशन और अपने डांस से किया है। गाने की शुरुआत में वो मुंडेर पर हाथ रख कर स्माइल करते हुए गाने के साथ लिप सिंक करती हैं।

# इन अभिनेत्रियों का अभिनय देख दर्शकों ने पीटा माथा

## ओवरएक्टिंग के हर पायदान पर आईं अव्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड हसीनाओं के लाखों-करोड़ों में चाहने वाले होते हैं। इनके फैंस इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं। कई लड़कियां इन अभिनेत्रियों के स्टाइल को भी कॉपी करना पसंद करती हैं। ये हसीनाएं फिल्मों में अपने किरदार को रियल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। इसके बावजूद भी कई बार फैंस इनके अभिनय को ओवरएक्टिंग का टैग दे देते हैं। इंडस्ट्री में कई मशहूर अभिनेत्रियां, जिनकी एक्टिंग देखकर दर्शकों ने अपना माथा पीट लिया है। इसके चलते कई बार ये ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं।




### सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का नाम इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है। सारा ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। सारा को भी उनके अभिनय प्रदर्शन के लिए कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आना पड़ गया है। यूजर्स सारा को ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।

### करीना कपूर खान

बॉलीवुड में बेबो के नाम से मशहूर करीना कपूर खान की फिल्मों के लोग दीवाने हैं। अपनी शानदार अदाकारी से करीना फैंस के दिलों पर राज करती हैं। हाल में करीना क्रू में नजर आई थीं। मगर दर्शकों ने करीना की भी कई फिल्मों में उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग करार दिया है।





### अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपने अभिनय प्रदर्शन को लेकर कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेटीजन्स उनकी एक्टिंग को ओवरएक्टिंग का बता चुके हैं। वह आखिरी बार फिल्म खो गये हम कहां में नजर आई थीं।



### जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। जान्हवी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। अभिनेत्री के फैशन और उनके स्टाइल के लोग दीवाने हैं। मगर अभिनय के में जान्हवी भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी कई फिल्मों में दर्शकों ने उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग बताया है।

### तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। तारा ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। अभिनेत्री की तस्वीरें और स्टाइल फैंस को काफी पसंद आता है। तारा सुतारिया की एक्टिंग के मामले में कई दर्शक ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।




# छोटी कटेली टीबी की रोकथाम में प्रभावशाली

# सूक्ष्म जीव विज्ञान के विश्व प्रसिद्ध जर्नल 'फ्रंटियर्स इन माइक्रोबॉयलाजी' में पतंजलि का शोध प्रकाशित

**हरिद्वार।** तपेदिक यानि टीबी एक बैक्टीरिया से होती है जो मनुष्य के फेफड़ों पर असर डालती है। ज्ञातव्य है कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छींकने और थूकने से फैलती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में इस बीमारी से दुनिया में लगभग 1 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित थे। यह एक ठीक होने वाली बीमारी होने के बावजूद बहुत से लोग इसकी वजह से काल के गाल में समा जाते हैं। यह बीमारी दुनिया के लगभग सभी देशों में फैली हुई है और भारत में भी वर्ष 1962 से ही इसकी रोकथाम के लिए सरकारी योजना चल रही है जिसमें रोगियों के लिए निःशुल्क दवाईयाँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वर्तमान में टीबी के इलाज के लिए प्रयोग होने वाली दवाईयों में लिमिटेड बायो अवेलिबिलिटी होने के कारण बैक्टीरिया, प्रायः एक या एक से अधिक दवाओं के प्रति रेसिस्टेंट हो जाते हैं। इसके अलावा लंबे समय तक इन दवाओं के सेवन से हीपोटोटोक्सिटी की संभावना बनी रहती है। अतः नई टीबी दवाओं या सहायक उपचार की आवश्यकता है जो इलाज को और अधिक प्रभावी बना सके। इस अध्ययन में छोटी कटेली के अर्क पर शोध किया गया जो इसकी जाँच के लिए एक मॉडल विधि है। छोटी कटेली के प्रभाव से इस टीबी बैक्टीरिया के विकास दर में कमी पाई गई।




आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि योगपीठ के लिए यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि अब इस अनुसंधान को सूक्ष्म जीव विज्ञान के विश्व प्रसिद्ध जर्नल 'फ्रन्टियर्स इन माइक्रोबॉयलॉजी' में स्थान मिला है। यह शोध टीबी पर भविष्य के अध्ययनों के लिए नींव का कार्य करेगा जिससे जनमानस को टीबी से बचाव के लिए नवीन संभावनाएँ मिलेंगी।

इस ऐतिहासिक अनुसंधान को मूर्तरूप देने में पतंजलि योगपीठ गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। पतंजलि आयुर्वेद के ज्ञान और विज्ञान के ध्वज को पूरे विश्व में फहराने और जनमानस को साध्य और असाध्य रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए पूर्ण संकल्पित है।

## केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा

# सट्टेबाजी और मुनाफाखोरी करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई

दालों पर लाभ मार्जिन घटाएं खुदरा विक्रेता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब सरकार कमोडिटी पर कड़ी नजर रहेगी। साथ ही जमाखोरी के नियमों का भी कड़ाई से पालन कराएंगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने रिलायंस रिटेल, डी मार्ट, टाटा स्टोर्स, स्पेंसर्स, आरएसपीजी, वी मार्ट जैसे बड़े रिटेलर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दालों की कीमतें कम नहीं हुईं तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहाकि दालों की सट्टेबाजी व मुनाफाखोरी करने वाले विक्रेताओं पर बख्शा नहीं जाएगा। सचिव निधि खरे ने कहाकि प्रमुख थोक मंडियों में चना, तुअर और उड़द की कीमतों में चार फीसदी तक की गिरावट आई है, लेकिन खुदरा कीमतों में ऐसी कोई गिरावट नहीं देखी गई है।उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने खुदरा विक्रेताओं को दालों पर लाभ मार्जिन घटाने को कहा है। सरकार ने कहाकि पिछले एक महीने में प्रमुख थोक बाजारों में दालों की कीमतों में करीब चार फीसदी की गिरावट के बावजूद खुदरा बाजारों में दाम नहीं घटे हैं। ऐसे में खुदरा विक्रेता उचित लाभ मार्जिन वसूलें।

# कार्यशाला में दी गई नए कानून के प्रावधानों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छग राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निर्देशन में 17 जुलाई को विजय कुमार होता (प्रधान जिला न्यायाधीश) की अध्यक्षता एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केके देवांगन एवं एबी गुरु डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन कार्यालय के विशेष आतिथ्य में जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में अभियोजन अधिकारियों एवं अधिवक्तागण के लिए 1 जुलाई से लागू हुए नए कानूनों पर कार्यशाला आयोजित की गई। श्री होता ने कार्यशाला के विषय को आलोकित करते हुए तीनों नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में सारगर्भित रूप से बताया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार प्रधान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अपूर्वा दांगी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिवक्ता संघ के सचिव श्री डेगल, वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन ठाकुर, अशोक जैन, केके दुबे, अशोक मिश्रा, दिलीप ठाकुर, व्यवहार न्यायालय सुकमा बीजापुर के अधिवक्ता तथा अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईपीएल और टी20 विश्व कप टीम में नहीं बना सके थे जगह

# चोट से उबरे शमी, नेट्स पर शुरू की गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से पूरी तरह उबर गए हैं और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि वह जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे।

शमी को पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद चोट लगी थी और वह तभी से टीम से बाहर चल रहे हैं। शमी को सर्जरी करानी पड़ी थी और वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की निगरानी में हैं। शमी को चोट के कारण आईपीएल 2024 से भी बाहर रहना पड़ा था और वह टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना सके थे। लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद शमी अब वापसी की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमे वह नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए दिख रहे हैं। वह चोट से उबर गए हैं, लेकिन पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी शुरू नहीं कर पाए हैं। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर शमी फॉर्म में वापसी करने के लिए मेहनत कर रहे हैं और उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मंजूरी लेनी होगी। शमी पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में चल रहे थे। उन्होंने सात मैचों में कुल 24 विकेट लिए थे और भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वह चोटिल हो गए और समय से उबर नहीं सके। इस कारण शमी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से हटना पड़ा था।




### बांग्लादेश के खिलाफ कर सकते हैं वापसी

शमी बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। भारत को सितंबर-अक्टूबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है। भारत को इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है और शमी का इस सीरीज के लिए चुना जाना मुश्किल माना जा रहा है।

# 2025 में घटेगी प्रलयकारी घटना मानवता के पतन की होगी शुरुआत

**लंदन।** बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा की ज्यादातर भविष्यवाणियां सच साबित होती हैं। इसकी वजह से पूरी दुनिया उनकी भविष्यवाणियों पर यकीन करती है। बाबा वेंगा ने 2025 के लिए कई भविष्यवाणियां की थीं, जिसने लोगों को डरा दिया है। बुल्गारिया की रहने वाली बाबा वेंगा को बाल्कन क्षेत्र का नास्त्रेदमस कहा जाता है। बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, साल 2025 में एक प्रलयकारी घटना घटेगी। इससे मानवता के पतन की शुरुआत होगी। साल 2025 में ही यूरोप में भयावह संघर्ष की शुरुआत होगी। इससे बड़े स्तर पर बड़ी तबाही मचेगी और इससे यूरोप की बड़ी आबादी बुरी तरह से प्रभावित होगी। बाबावेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, साल 5079 में दुनिया खत्म हो जाएगी। लेकिन इसकी शुरुआत साल 2025 से हो जाएगी। बाबा वेंगा ने अपनी मौत से पहले दुनिया के खत्म होने से लेकर युद्ध और आपदा समेत कई भविष्यवाणियां की थीं। उन्होंने सन 5079 तक की भविष्यवाणी कर दी थीं।

## 2.7 करोड़ ने भरा आईटीआर, 5 करोड़ से अधिक हैं शेष

# पोर्टल में हैं कई तरह की गड़बड़ियां, ऐसे में कैसे भर पाएंगे टैक्स रिटर्न फाइल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 है। इस डेडलाइन में अब कुछ ही समय रह गया है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल 8 करोड़ से अधिक लोगों ने आईटीआर भरा था, लेकिन अभी तक 2.7 करोड़ टैक्सपेयर्स ही आईटीआर भर पाएं हैं और 5 करोड़ से अधिक टैक्सपेयर्स ने आईटीआर अभी नहीं भरा। क्योंकि टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग पोर्टल पर बहुत सारी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर सलाहकारों ने इन मुद्दों को उठाया है और टैक्स डिपार्टमेंट से 31 जुलाई की समय सीमा को बढ़ाने का आग्रह किया है। क्योंकि पोर्टल में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।जिसमें लॉग इन और पासवर्ड रीसेट जैसी दिक्कतें भी शामिल हैं। इसके अलावा आईटीआर फॉर्म में पहले से भरे गए डेटा में गड़बड़ी और ई-सत्यापन में कठिनाई जैसी बड़ी समस्याएं भी हैं। कर सलाहकार राजेश जैन ने का कहना है कि पोर्टल पर आ रही तकनीकी दिक्कतों के कारण डेडलाइन करीब आते-आते बड़ी संख्या में फाइलिंग प्रभावित हो सकती है।

### टैक्सपेयर्स और कर सलाहकारों की यह है शिकायत

टैक्सपेयर्स की शिकायत है कि वे इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए पोर्टल को एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा एआईएस, टीआईएस और फॉर्म 26एएस डाउनलोड करने में समस्या, पासवर्ड रीसेट करने में कठिनाई, कर के भुगतान के लिए चालान बनाने में कठिनाई, पॉप अप मेसेज में गलती, आय का रिटर्न दाखिल करने में कठिनाई, आय के रिटर्न का ई-सत्यापन करने में कठिनाई, एक से अधिक ओटीपी का जेनरेट होना, आईटीआर रसीद डाउनलोड करने में कठिनाई हो रही है। ऐसा लगता है कि ये व्यवधान सिस्टम पर बहुत ज्यादा लोड होने या मेंटनेंस गतिविधियों के कारण आ रहे हैं। इस कारण सर्विस में व्यवधान पैदा हो रहा है। इसी कारण पोर्टल पर दूसरी चीजें भी प्रभावित हो रही हैं।

# तेरह सौ से ज्यादा वस्तुओं और 500 से अधिक सेवाओं पर उपभोक्ता देता है टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीयों पर लगने वाले 18 से ज्यादा किस्म के करों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। प्रत्यक्ष कर यानी डायरेक्ट टैक्स, परोक्ष कर यानी इन-डायरेक्ट टैक्स और अन्य कर। प्रत्यक्ष कर में इनकम टैक्स, कारपोरेट टैक्स, सिक्युरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स, कैपिटल गेन टैक्स, गिफ्ट टैक्स, वेल्थ टैक्स शामिल है। इन-डायरेक्ट टैक्स में सेल टैक्स, सर्विस टैक्स, चुंगी शुल्क, आयात शुल्क, वैट और जीएसटी शामिल है। अन्य प्रकार के करों में संपत्ति कर, रजिस्ट्रेशन फीस, टोल टैक्स, शिक्षा शुल्क, मनोरंजन शुल्क, प्रोफेशनल टैक्स शामिल है। कुछ टैक्स से तो बचा जा सकता है, पर हर किसी की राजस्व में कमोबेश भागीदारी तय है। सरकार के पास जो राजस्व आता है, उसमें एक बड़ा हिस्सा इन-डायरेक्ट टैक्स का होता है। जीएसटी का भुगतान हर किसी को करना पड़ता है। दवा से लेकर वाहन तक 1,300 से ज्यादा चीजों पर टैक्स लगता है। ज्यादातर सेवाओं की लागत में कर का हिस्सा शामिल रहता है। कंपनियों को भी जो टैक्स चुकाना पड़ता है, उसका अधिकतम हिस्सा वे अपने ग्राहकों से ही वसूलती हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# क्यों पृथ्वी पर तेजी से दिन हो रहा है लंबा? नए शोध में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**न्यूयार्क।** दुनियाभर के लिए जलवायु संकट एक चुनौती बन चुका है। बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। इसके साथ ही हैरान करने वाली बात यह है कि अब दिन भी लंबे हो रहे हैं। एक नए शोध में खुलासा हुआ है कि ध्रुवीय बर्फ के पिघलने की वजह से पृथ्वी ज्यादा धीमी गति से घूम रही है। इससे अभूतपूर्व दर से दिनों की लंबाई बढ़ रही है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में एक शोध प्रकाशित किया है। इस शोध के हवाले से नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका से बहने वाले पानी के कारण भूमध्य रेखा के आसपास अधिक द्रव्यमान है।ईटीएच ज्यूरिख विश्वविद्यालय के बेनेडिक्ट सोजा का कहना है कि आमतौर पर पृथ्वी को एक गोले के तौर पर जाना जाता है, लेकिन इसे तिरछा गोलाकार कहना अधिक ठीक होगा, जो भूमध्य रेखा के चारों तरफ कुछ हद तक सत्सुमा की तरह उभरा है, जिसके आकार में लगातार बदलाव हो रहा है। दैनिक ज्वार से महासागरों और परतों पर प्रभाव पड़ता है। यह बदलाव टेक्टोनिक प्लेटों के बहाव, भूकंप और ज्वालामुखी के कारण होता है। शोधकर्ताओं ने 1900 से अधिक इकट्ठा किए गए डेटा का इस्तेमाल किया। उन्होंने पाया कि 20वीं शताब्दी में जलवायु परिवर्तन की वजह से दिन की लंबाई (एलओडी) में प्रति शताब्दी 0.3 और 1.0 मिलीसेकंड के बीच बढ़ोत्तरी हुई है। साल 2000 के बाद से यह दर बढ़कर 1.33 मिलीसेकंड प्रति शताब्दी हो चुकी है। पृथ्वी की सतह पर यह यह महत्वपूर्ण त्वरण द्रव्यमान की गति से जुड़ा है। विशेष तौर पर ध्रुवीय बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने से यह हुआ है। यह बीते कुछ दशकों में तेज हुआ है। पिघलती बर्फ से लेकर महासागरों तक के द्रव्यमान के पुनर्वितरण धरती के आकारण बदलाव होता है। इसके पृथ्वी थोड़ी अधिक चपटी (ध्रुवों पर चपटी और भूमध्य रेखा पर उभरी) हो जाती है। द्रव्यमान में इस बदलाव के कारण पृथ्वी के घूर्णन पर प्रभाव पड़ता है। इससे दिन लंबे हो जाते हैं। शोध में जानकारी मिली कि यह जन परिवहन बीते तीस साल में पृथ्वी के आकार में हुए परिवर्तनों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, आने वाले सालों में दिन बढ़ जाएगा।

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5576



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5575 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5587

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5586 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चों, तुमने टीवी में या रियल पपेट शो देखा होगा। पपेट यानी कठपुतलियों के जरिए मनोरंजन की यह कला देश-विदेश में सदियों से प्रचलित है। कहीं लकड़ी से, कहीं फैब्रिक से, कहीं पानी पर उछलते-कूदते तो कहीं शैडो पपेट्स के खेल देखने में बहुत मजा आता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कई देशों में पॉपुलर पपेट्स के बारे में बता रहे हैं।

# रंग-बिरंगी प्यारी-प्यारी खेल दिखाती कठपुतलियां

बच्चों, आज के समय में तुम्हारे पास एंटरटेनमेंट और टाइम-पास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जैसे-वीडियो गेम्स, मूवीज, टीवी शोज, म्यूजिक आदि। लेकिन बहुत पुराने दौर से आज तक भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनोरंजन के लिए पपेट्स यानी कठपुतलियों का खेल भी दिखाया जाता रहा है। इन पपेट्स के हाव-भाव देखने का मजा ही कुछ अलग होता है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं। इन्हें काठ यानी लकड़ी के अलावा अलग-अलग देशों में कपड़े, मिट्टी, चमड़े जैसे कई तरह के मैटीरियल से बनाया जाता है।



जापान की बनराकू पपेट

## जापान की बनराकू पपेट

जापान को दुनिया के सबसे एडवांस्ड और विकसित देशों में गिना जाता है। हालांकि यहां इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और मॉडर्न तकनीक से हजारों तरह के गेम्स खूब बनते और बिकते हैं। लेकिन इनके साथ ही यहां के पपेट्स 'बनराकू' को लोग बहुत पसंद करते हैं। इन पपेट्स को काठ (वुड) से बनाया जाता है। ये पपेट्स, छोटे और बड़े कई आकारों में बनाए जाते हैं। जापानी फोक म्यूजिक के साथ जब बनराकू पपेट्स को परफॉर्म कराया जाता है तो देखने वाले 'वाह-वाह!' कर उठते हैं।

## वियतनाम की वाटर-पपेट

वियतनाम में पपेट्स का खेल एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। यहां पपेट्स आर्ट को 'मुआ रोई नॉक' कहते हैं, जिसका मतलब है-पानी पर डांस करने वाली पपेट्स। इन पपेट्स को नचाने वाले आर्टिस्ट्स कमर तक पानी भरे तालाब में खड़े होकर इनका तमाशा दिखाते हैं। यहां इन पपेट्स के शानदार शो आयोजित किए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोग और पर्यटक बड़े चाव से देखते हैं।



वियतनाम में खूब पॉपुलर हैं वाटर-पपेट्स

### कैसे परफॉर्म करते हैं पपेट्स

बच्चों, पपेट (कठपुतली) अलग-अलग मैटीरियल से बनी एक तरह की डॉल जैसी होती है, जिनमें कुछ स्ट्रिंग्स यानी डोरी बंधी होती हैं। पपेट-आर्टिस्ट इन स्ट्रिंग्स की मदद से पपेट को ऊपर-नीचे और अलग-अलग डायरेक्शन में कुछ इस तरह मूव कराते हैं कि ऐसा लगता है, मानो पपेट खुद चल-फिर रहे हों या डांस कर रहे हों।

## चीन की शैडो-पपेट

चीन देश में पपेट्स की परंपरा सदियों पुरानी है। यहां कई स्थानों पर बच्चों को हिस्ट्री और कल्चर पढ़ाने के लिए भी पपेट शोज का आयोजन किया जाता है। खासतौर पर यहां के गांवों में अब भी मनोरंजन का एक प्रमुख साधन, पपेट शो हैं। चीन में डोरी से खींचे जाने वाले पपेट शो के अलावा शैडो-पपेट्स का तमाशा भी काफी पसंद किया जाता है। वास्तव में शैडो-पपेट्स ऐसी आकृतियां होती हैं, जिन पर खास एंगल से रोशनी डालने पर पीछे लगे पर्दे पर उनकी तस्वीर उभर आती है। ये पपेट्स काफी रंग-बिरंगे होते हैं। शो के दौरान इन्हें हैंडल करने वाले कलाकार, डायलॉग्स के बीच-बीच में बांस से बनी सीटी भी बजाते रहते हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ जाता है।



अमेरिका के फैब्रिक पपेट्स



इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

## अमेरिका के फैब्रिक पपेट

अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में सॉफ्ट-स्पंजी फैब्रिक्स से बने पपेट्स खूब पसंद किए जाते हैं। ये पपेट्स कार्टून कैरेक्टर्स जैसे लगते हैं। यहां पपेट्स के कई सुपरहिट टीवी शोज भी टेलिकास्ट किए जा चुके हैं। यहां बच्चों के लिए प्रेरक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम बनाने के लिए पपेट्स का खूब प्रयोग किया जाता है। अमेरिकी टीवी शो 'सीसेम स्ट्रीट' का नाम तो तुमने जरूर सुना होगा, यह टीवी पर प्रसारित होने वाला एक पपेट-शो था, जिसे हमारे देश में 'गली-गली सिम-सिम' के नाम से दिखाया जाता रहा है।



### भारत में तरह-तरह की कठपुतलियां

हमारे देश में भी कठपुतली-कला हजारों साल पुरानी है। हड़प्पा और मोहनजो-दारो की खुदाई में भी कठपुतलियों के अवशेष मिले हैं। भारत में पौराणिक या लोक कथाओं पर आधारित कठपुतलियों का प्रचलन अधिक है। भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग रंग-रूप और आकार की कठपुतलियां प्रचलित हैं। जैसे राजस्थान, ओड़ीशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में धागा पुतली के खेल खूब दिखाए जाते हैं। राजस्थान में इन्हें कठपुतली,ओड़ीशा में कुनढेई, कर्नाटक में गोंबयेट्टा, तमिलनाडु में बोंमालट्टा कहते हैं। कई क्षेत्रों में छाया कठपुतलियों का भी प्रचलन है। छड़ पुतलियों के खेल बंगाल में पुतुलनाच और बिहार में यमपुरी के नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों पर दस्ताना पुतली भी खूब मनोरंजन करती हैं, इन्हें हथेली में दस्तानों की तरह पहनकर नचाया जाता है।

## इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

इंग्लैंड में इतने विशाल पपेट्स बनाए जाते हैं कि इन्हें उठाने और चलाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ता है। यहां लिवरपूल में आयोजित होने वाला पपेट-शो 'लिवरपूल जायंट्स परेड' दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस परेड में करीब तीन मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले पपेट्स शामिल किए जाते हैं। इन पपेट्स को 'कार्निवल पपेट्स' के नाम से जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के पपेट शोज में रामकथा

रामायण और रामकथा हमारे देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में प्रचलित है। इंडोनेशिया में अलग-अलग स्थानों पर रामकथा का प्रदर्शन पपेट्स के माध्यम से किया जाता है। यहां भी चीन की तरह शैडो पपेट्स अधिक प्रचलित हैं। *

---

## जीके क्विज-113

1. इंडियन क्रिकेट टीम का नया हेड कोच किस पूर्व क्रिकेटर को बनाया गया है?
2. पिछले ओलंपिक (टोक्यो-2021) खेलों में भारत ने कुल कितने पदक जीते थे?
3. वह कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) है, जो दूध से दही जमाने में मदद करता है?
4. हाल में ही ईरान के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?
5. भारत के वर्तमान गृह मंत्री का क्या नाम है?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन थे?
7. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
8. पंकज आडवाणी का संबंध किस खेल से है?
9. एक फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
10. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-113 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-112 का उत्तर :** 1. अनामिका बी. राजीव, 2. मुंशी प्रेमचंद, 3. मुंबई, 4. गिरिब्रज, 5. मधुमेह (डायबिटीज), 6. अमेजन वर्षा वन, 7. मध्य प्रदेश, 8. कर्नाटक, 9. महाराणा प्रताप और अकबर, 10. ईटानगर

**जीके क्विज-112 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, नारायण-मनकी लोरमी, विशु-मनकी लोरमी, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, पृथ्वी-बिलासपुर, रितेश-मटियारी

## हंसगुल्ले

**टीचर (तेज आवाज में) :** तो.. हमें अपने सपने पूरे करने के लिए क्या करना चाहिए?
**राजू (जम्हाई लेते हुए) :** फिर से सो जाना चाहिए।

**-तनुजा, जबलपुर**

**नव्या :** बताओ, दूध उफनकर बाहर क्यों गिर जाता है?
**नैंसी :** दूध उबालते समय व्हाट्स एप्प पर चैट करने की वजह से।

**-खुशबू, रायपुर**

**मम्मी :** एग्जाम कैसा हुआ बेटा?
**मोनू :** मम्मी, एग्जाम में ऐसे सवाल आए थे, जो मैंने कभी पढ़े ही नहीं थे।
**मम्मी :** तो फिर तुमने क्या किया?
**मोनू :** मैं भी ऐसे जवाब लिखकर आया हूं, जो टीचर जी ने कभी पढ़े नहीं होंगे।

**-हर्षिता, बिलासपुर**

**चुन्नू :** गाय पूंछ क्यों हिलाती है?
**मुन्नू :** क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि वो गाय को हिला सके।

**-आदित्य, बलौदा बाजार**



ट्रंक में बंद रंग-बिरंगी रेनकोट को काली-कलूटी छतरी से चिढ़ थी। वह उसे नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। बरसात से पहले जब छतरी और रेनकोट को ट्रंक से बाहर निकाला गया तो ऐसा क्या हुआ कि रेनकोट को अपनी खूबसूरती पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी?

# छतरी और रेनकोट

कहानी

अशोक जोशी

उस रोज संडे था। मोनू अपने पापा और मम्मी के साथ घर में ही था। शाम को वे सभी कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर रहे थे कि तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पापा ने मम्मी से कहा, 'देखो, अचानक कितनी तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि पूरे सप्ताह तेज बारिश की संभावना है। वो जो ट्रंक में मेरी छतरी और मोनू की रेनकोट रखी है, उसे निकाल लो।'

'ठीक है, निकाल लेते हैं।' मम्मी बोलीं।

मोनू के पापा-मम्मी की बातें जब ट्रंक में रखी छतरी और रेनकोट को सुनाई दीं तो वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि कई महीनों तक ट्रंक में पड़े रहने के बाद अब उन्हें ताजा हवा खाने को मिलेगी और बारिश की ठंडी-ठंडी बूंदों का स्पर्श मिलेगा। छतरी ने रेनकोट से कहा, 'देखो बहन, अब हमारे काम आने का समय आ गया है, तैयार हो जाओ।' रेनकोट की सोच कुछ अलग ही थी। उसे अपने रंग-रूप पर बड़ा अभिमान था। छतरी से उसकी बिल्कुल भी नहीं जमती थी। वह हमेशा छतरी को नीचा दिखाने का बहाना ढूंढ़ती रहती थी, उसे ओल्ड-फैशंड बताती और हमेशा उसके रंग-रूप का मजाक उड़ाती थी। वह कहती थी, 'हुंह.. कहां मैं और कहां तुम! तुम तो बिल्कुल ओल्ड-फैशंड हो। तुम अपना रंग-रूप देखो और जरा मेरी तरफ देखो, मैं कितनी मॉडर्न और रंग-बिरंगी हूं। मुझे देखकर बच्चे चहक उठते हैं। वैसे भी आज के मॉडर्न जमाने में छतरी कौन यूज करता है? देखो, मोनू के पापा ने मुझे किस तरह सहेज कर कवर के अंदर रखा है, तुम्हें ट्रंक के एक कोने में पटक दिया है। याद करो, मोनू के पापा ने जब तुझे खरीदा था, तब वो मोनू को भी छतरी ही दिलवा रहे थे। लेकिन मोनू ने अपने पापा से जिद करके अपने लिए रेनकोट खरीदवाया था।'

'बहन, ऐसा क्यों कहती हो? मैं भी तो वही काम करती हूं, जो तुम करती हो। हम दोनों ही लोगों को बारिश में भीगने से बचाते हैं। बस रंग-रूप और आकार-प्रकार में अंतर है।' छतरी विनम्रता से बोली।


तभी उन्हें कदमों की आहट अपनी तरफ आती सुनाई दी। चरमराहट की आवाज के साथ ट्रंक खुल गया। मम्मी ने पहले कोने में रखी छतरी को उठाया। उसे उलट-पुलट कर देखा। उस पर थोड़ी धूल जमी थी। उन्होंने दो-तीन बार उसे खोला और बंद किया। उसकी ताड़ियां भी अच्छी तरह से काम कर रही थीं। 'शुक्र है, यह अभी अच्छी है। कम से कम एक-दो सीजन तो निकाल ही देगी।' मम्मी बुदबुदाते हुए बोलीं, फिर उन्होंने छतरी को साफ कर दीवार में लगी कील पर टांग दिया।

मम्मी की बातें सुनकर छतरी को अपनी उपयोगिता पर संतोष हुआ। इसके बाद मम्मी ने जैसे ही रेनकोट की तरफ हाथ बढ़ाया, रेनकोट की बांछें खिल उठीं। उसने सोचा कि मम्मी अब उसकी खूब तारीफें करेंगी, उसे प्यार से सहेज कर अलमारी में रखेंगी ताकि बारिश में जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सकें। मम्मी ने कवर से निकालकर जैसे ही रेनकोट को खोला तो उनका मूड-ऑफ हो गया। जिस-जिस जगह से रेनकोट को मोड़कर रखा गया था, वहां सिलवटें पड़ गई थीं और जब उन्होंने उसे झटकारा तो सिलवटों वाली जगह से रेनकोट फट गई।

'पिछले साल ही तो खरीदी थी। सोचा था दो-चार सीजन निकाल देगी। लेकिन यह तो बस दिखने में ही अच्छी थी। कोई खास काम ना आ सकी। इससे अच्छी तो छतरी है, जो सालों तक बरसात के अलावा गर्मी में भी काम आती है...।' बुदबुदाते हुए मम्मी ने रेनकोट को डस्टबिन में डाल दिया। अगले दिन उसे नगर निगम की कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में डाल दिया गया। गाड़ी वाले ने अन्य कचरे के साथ उसे डाल दिया। रेनकोट अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी, 'मेरा रंग-रूप भला किस काम आया? मुझसे अच्छी तो वह छतरी है, जो अभी तक घर में लोगों के काम आ रही है।' रेनकोट को समझ आ चुका था कि रंग-रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारा गुण होता है। इसलिए कभी भी किसी का रंग-रूप देखकर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, बल्कि उसके अच्छे गुणों की कद्र करनी चाहिए। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## बरस घटा घनघोर

ओ घटा, बरस, घनघोर बरस,
इस ओर बरस, उस ओर बरस।
हम झूम-झूम कर नाच उठें,
अब झूम उठे मन-मोर, बरस।
लहलहा उठे बगिया मेरी,
तू जोर बरस, पुरजोर बरस।
सब ताल-तलैया भर जाएं,
मेढक करते हैं शोर, बरस।
रिमझिम का गीत सुना फिर से,
तू बन जा अब चितचोर, बरस।
कोई भी जगह न छूटे अब,
तू गांव-शहर हर छोर, बरस।
धरती की सारी प्यास बुझाए
झमझम-झमझम झकझोर, बरस।
जब तक सब खुश न हो जाएं
बूंदें न पड़ें कमजोर, बरस।
हम सब खेलेंगे छपछैया,
ओ घटा जरा तू, और बरस।

---

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.भालू के मुंह की मुद्रा बदली हुई है। 2. हनी-पॉट के ऊपर मंडरा रही मधुमक्खी गायब है। 3.भालू के पीछे पेड़ पर अंकित धारियां गायब हैं। 4.झाड़ियों के पीछे एक और भालू दिख रहा है। 5.हनी-पॉट के पीछे हनी नहीं गिरा है।

## चित्र पूरा करो


बच्चों, यहां कुछ अधूरे ज्योमेट्रिकल शेप्स और उनके कट-आउट्स के चित्र दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इन चित्रों को पूरा करो।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितने बच्चे दिखाई दे रहे हैं?



उत्तर-12

# महिला एशिया कप : भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला आज, 8वीं बार चैंपियन बनने की होगी कोशिश




**टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से जीते हैं 17**

**मैच 10 दिन में होंगे 15 मैच 28 को**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला एशिया कप 2024 का 9वां संस्करण 19 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय महिला टीम श्रीलंका के दांबुला पहुंच चुकी है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत हरमनप्रीत कौर की अगुआई में 8वीं बार महिला एशिया कप खिताब पर कब्जा जमाने उतरेगी। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें भारत 19 जुलाई, शुक्रवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ-साथ नेपाल, मलेशिया, थाईलैंड और यूएई सहित पूर्ण सदस्य देश शामिल हैं। सात बार की चैंपियन भारत को पाकिस्तान, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। महिला एशिया कप 2022 में उपविजेता रही श्रीलंका को मेजबानी का अधिकार मिला है।

### पाकिस्तान टीम में चार अनुभवहीन खिलाड़ी

*पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा डार को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरुब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रुबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**पाकिस्तान :** निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रूबाब, तूबा हसन।

### 28 जुलाई को फाइनल

प्रतियोगिता के शुरुआती मैच में नेपाल का मुकाबला यूएई से होगा और भारत-पाकिस्तान का मैच भी उसी दिन दांबुला में होगा है। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी से शीर्ष दो टीमें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 26 जुलाई को होगा। उसके बाद 28 जुलाई को फाइनल खेला जाएगा।

### भारत 7 बार का चैंपियन

गत चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी। अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था।

### एशिया कप के ग्रुप

ग्रुप 1- भारत, नेपाल, पाकिस्तान, यूएई
ग्रुप 2- श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड

### भारत का मुकाबला

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 19 जुलाई | पाकिस्तान | शाम 7 बजे |
| 21 जुलाई | यूएई | दोपहर 2 बजे |
| 23 जुलाई | नेपाल | शाम 7 बजे |

### पाक के खिलाफ 14 में 11 जीत

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढाने का होगा। इस महीने की शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया।

### फार्म में भारतीय खिलाड़ी

भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है।

## खबर संक्षेप



### चोटरानी, अंजलि को मिली शीर्ष वरीयता

**मुंबई।** वीर चोटरानी और अंजलि सेमवाल को 20 जुलाई से यहां शुरू होने वाले बॉम्बे जिमखाना 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला ड्रॉ में शीर्ष वरीयता मिली है। राहुल बैठा को दूसरी वरीयता दी गई है जबकि महेश मनगांवकर और ओम सेमवाल पुरुष वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त हैं। महिला वर्ग में सुनीता पटेल को दूसरी वरीयता प्राप्त है और आराध्या पोरवाल तथा रानी गुप्ता को संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता मिली है।

### तैराक नटराज ने ब्रेक के बाद की वापसी

**नई दिल्ली।** पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक



श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने कहा, 'मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया।'

### उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई। इसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर 'क्यूआर कोड' शब्द थे। यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए।

# सूर्यकुमार को मिली टी20 की कप्तानी रोहित और कोहली खेलेंगे वनडे श्रृंखला

### श्रीलंका दौरे के लिए बीसीसीआई ने की टीम की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को अगले महीने इसी टीम के खिलाफ 50 ओवर की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया। शुभमन गिल को दोनों प्रारूपों की टीम का उप कप्तान बनाया गया है।विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा एकदिवसीय टीम में दो नए चेहरे हैं।




**टी20 टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज।

**वनडे टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

### देवी के 6 गोल से मणिपुर ने असम को 12-0 से रौंदा

**कोलकाता।** देवी मुतुम प्रिया की छह गोल की मदद से मणिपुर हॉकी ने गुरुवार को यहां द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप के महिला वर्ग के मैच में असम हॉकी के खिलाफ 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। देवी ने मैच के दूसरे, चौथे, सातवें, 26वें, 36वें और



59वें मिनट में गोल दागे। मैच में रीना कोइजम (20वें), तनु शोरेन्सांगबाम (32, 57वें), चानू लीशांगथेम नताली (42, 58वें) और देवी लैशराम रितु (51वें) ने भी विजयी टीम के लिए गोल किए। हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 10-0 से हराया। झारखंड की टीम के लिए मुंडु सुकरमणि ने तीन जबकि रोशनी अइंद, कुमारी शांति और कप्तान रजनी करकेट्टा ने दो-दो गोल किए। सलोमी नाग ने एक गोल किया। एक अन्य मैच में हॉकी बंगाल ने ओडिशा हॉकी संघ को 3-0 से मात दी।

**फुटबॉल**

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, शीर्ष पर अर्जेंटीना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी। लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है। फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

### ओडिशा का सामना जोर्डन और सिंगापुर के क्लब से होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्लब ओडिशा एफसी को 2024 -25 एएफसी महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल में जोर्डन के एतिहाद क्लब और सिंगापुर के लायन सिटी सेलर्स एफसी के साथ प्रारंभिक चरण में ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट का ड्रॉ मलेशिया के कुआलालंपुर में गुरुवार को निकाला गया। इंडियन वुमैंस लीग चैंपियन ओडिशा एफसी प्रारंभिक चरण के लिए जोर्डन जाएगी जहां 25 से 31 अगस्त तक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रारंभिक दौर में 13 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार टीमों के एक और तीन तीन टीमों के तीन समूहों में बांटा गया है। चारों ग्रुप विजेता 12 टीमों के ग्रुप चरण में खेलेंगे जिसमें आठ अन्य क्लब सीधे क्वालीफाई करेंगे। ग्रुप चरण के मुकाबले छह से 12 अक्टूबर तक खेले जाएंगे।

**पेरिस ओलिंपिक**

# नदी में कार्यक्रम, नाव पर परेड, ओपनिंग सेरेमनी होगी खास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलिंपिक इतिहास में पहली बार ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन स्टेडियम में नहीं होगा। 26 जुलाई को ओलिंपिक का उद्घाटन समारोह पेरिस की सीन नदी में आयोजित होगा। पेरिस ओलिंपिक में 206 देशों के 10672 एथलीट उतरेंगे।

इनके बीच 32 खेलों के 329 इवेंट में मुकाबला होगा। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान होने वाली एथलीटों की परेड नाव में होगी। खिलाड़ी नाव में सवार होकर निकलेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो 80 से 100 बोट इवेंट में उतारे जाएंगे। नाव एथलीटों को लेकर पोंट डी'ऑस्टरलिट्ज पुल से निकलेगी। इस इवेंट का आयोजन शाम के समय किया जाएगा। सीन नदी के ऊपर नाव छह किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान 18 पुल को पार करेंगे। परेड का अंत पोंट डी'लेना पर रहोगा।

यह एफिल टॉवर से कुछ ही दूरी पर है। इस ऐतिहासिक ओपनिंग सेरेमनी को देखने के लिए नदी के दोनों तरफ बेंच लगाए जाएंगे। फैंस वहीं बैठकर इवेंट का मजा उठा सकते हैं। करीब 6 लाख फैंस के आने की उम्मीद है।

### कहां देखें ओपनिंग सेरेमनी

*पेरिस ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समय अनुसार रात 11 बजे से शुरू होगी।*

# बैजबॉल रिटर्न : इंग्लैंड ने टेस्ट में 4.2 ओवर में बनाया सबसे तेज अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम




इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (नाबाद 33 रन) और ओली पोप (नाबाद 16 रन) ने मिलकर 10 चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। इंग्लैंड ने 2002 में श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भी पांच ओवर में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था। श्रीलंका इस सूची में चौथे स्थान पर है जिसने 2004 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 5.2 ओवर में अर्धशतक पूरा किया था। भारत दो बार 5.3 ओवर में अर्धशतक पूरा करके इस सूची में पांचवें स्थान पर है। टीम इंडिया ने 2008 में चेन्नई में इंग्लैंड और 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 04/वर्ष 2024-25/कार्य.यं. — **निविदा सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक 12/07/2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2024_PWDRB _353057_2 | नरसिंहपुर | विशेष मजबूतीकरण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत गाडरवारा, कान्हरगांव मेहगांव, आड़ेगांव मार्ग लंबाई 10.70 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 203.89 | 2,04,000 | 15,000 | द्वितीय आमंत्रण | 3 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2024_PWDRB _349900_3 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो हेतु मटेरियल सप्लाई का कार्य । (तृतीय आमंत्रण) | 5.00 | 10,000 | 2,000 | तृतीय आमंत्रण | 12 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2024_PWDRB _357388_1 | नरसिंहपुर | ए.आर. रोड़ | नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, पेच एवं सी.सी. रोड़ फर्नीसर सहित आवश्यक रख-रखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर । | 15.00 | 30,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2024_PWDRB _357389_1 | नरसिंहपुर | ए.आर. रोड़ | गाडरवारा संभाग अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, पेच एवं सी.सी. रोड़ फर्नीसर सहित आवश्यक रख-रखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर। | 5.00 | 10,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2024_PWDRB _357390_1 | नरसिंहपुर | ए.आर. रोड़ | गोटेगांव संभाग अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, पेच एवं सी.सी. रोड़ फर्नीसर सहित आवश्यक रख-रखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर । | 5.00 | 10,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 233.89 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22.07.2024. (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 22.07.2024. (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।

G-13649/24 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में सिविल जोनल एवं विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एस-16-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नामः** एडीईएन / वर्क्स / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसएसई / वर्क्स / एमआईबी के अंतर्गत दिनांक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत व रखरखाव के ज़ोनल कार्य का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 55,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,10,000/-

**2. निविदा क्र.:** एस-17-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नामः** एडीईएन/वर्क्स/नागपुर के अधि -कार क्षेत्र के अधीन एसएसई/वर्क्स/बेली शॉप के अंतर्गत दि. 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत व रखरखाव के ज़ोनल कार्य का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 55,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,10,000/-

**3. निविदा क्र.:** एस-18-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नामः** एडीईएन/वर्क्स/नागपुर के अधि -कार क्षेत्र के अधीन एसएसई/वर्क्स/मोतीबाग/ नागपुर और एसएसई / वर्क्स / बेली शॉप के अंतर्गत दिनांक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सेवा भवन और आवासीय भवन की सफेदी, रंग-रोगन और पेंटिंग के ज़ोनल कार्य का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 74,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,48,000/-

**4. निविदा क्र.:** एस-19-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नामः** एडीईएन/वर्क्स/नागपुर के अधि -कार क्षेत्र के अधीन एसएसई/वर्क्स/मोतीबाग/ नागपुर और एसएसई/वर्क्स/बेली शॉप के अंतर्गत दिनांक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सेवा भवन की मरम्मत व रखरखाव के ज़ोनल कार्य का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,20,000/-

**5. निविदा क्र.:** एस-20-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नामः** एडीईएन / वर्क्स / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए बागवानी कार्यों (उद्यान, लॉन आदि का रखरखाव) के ज़ोनल कार्य का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 17,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 34,000/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **14.08.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

FL/17-62 South East Central Railway @secrail




# अधारताल औद्योगिक क्षेत्र में ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत

## सूर्य बायोटेक प्रोडक्शन में दुर्घटना, 2 गिरफ्तार

जबलपुर।

खजरी बायपास में बम ब्लास्ट काण्ड का मामला अभी सुलझा नहीं था कि अब अधारताल औद्योगिक क्षेत्र में कुछ उसी तरह का मामला सामने आया है। यहां सुरक्षा संस्थान के कबाड़ में ब्लास्ट हो गया, जिससे एक मजदूर की मौत हो गई। अब तक की जानकारी के अनुसार अधारताल औद्योगिक क्षेत्र सूर्य बायोटेक प्रोडक्शन में काम चल रहा था। कबाड़ में अचानक ब्लास्ट हुआ। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना में 22 वर्षीय राजा उर्फ अभिषेक चौधरी पिता गेंदालाल चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूर्य बायोटेक प्रोडक्शन में गल रहा कबाड़ गोल बाजार के रहने वाले कपिल जैन एवं सुनील जैन का बताया रहा है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिस कबाड़ में ब्लास्ट हुआ है वो कबाड़ रायपुर के व्यापारी से खरीदा गया था। जो सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो (सीओडी) से कबाड़ खरीदता था।



### दल बल के साथ पहुंचा प्रशासन

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये आईजी अनिल कुशवाहा, डीआईजी टी.के.विद्यार्थी, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह सहित तमाम, डॉग स्कावड और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। वहीं क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी भी घटना स्थल पर पहुंचे। उच्च अधिकारियों की निगरानी में मामले की हर बिन्दू पर जांच की जा रही है। वहीं इस मामले में जिला पुलिस ने सीओडी से भी मदद मांगी है।

### खजरी काण्ड पर अब भी पर्दा

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व खजरी बायपास स्थिति रजा मैटल में ब्लास्ट हुआ था। वहां भारी मात्रा में आडिनेंस फैक्ट्रियों के स्क्रैप मिले थे। घटना में एक की मौत की पुष्टि की गई है, वहीं एक अब भी लापता है। वहीं इस मामले में दो आरोपी जेल हैं और मुख्य आरोपी शमीम आज तक फरार है। मामले की जांच के लिये एनआईए, एनएसजी से लेकर सीओडी की टीमें जबलपुर पहुंचीं थीं। इस मामले का पूरा खुलासा होना अब भी बाकी है।

## दमोह का प्रकरण जबलपुर में सुना जाएगा : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल ने दमोह में विचाराधीन प्रकरण को जबलपुर में पहले से लंबित दूसरे मामले के साथ किए जाने की व्यवस्था दे दी है। लिहाजा, पति द्वारा दमोह में दायर प्रकरण जबलपुर की कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने का पथ प्रशस्त हो गया है। मामले में याचिकाकर्ता माढ़ोताल, जबलपुर निवासी नीता सिंह की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व प्रवीण सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता पत्नी का अपने पति दमोह निवासी सुरेंद्र सिंह लोधी से मनमुटाव चल रहा है। पति ने पत्नी को साथ रखने से इन्कार कर दिया है। पत्नी का आरोप है कि पति प्रताड़ित करता था। यही नहीं पुत्री सहित घर से निकाल दिया। इसीलिए अब दोनों किसी तरह गुजर-बसर कर रही हैं। ऐसे में भरण-पोषण राशि अपेक्षित है। इसके लिए जबलपुर की अदालत में केस दायर किया है। जबकि पति ने दमोह की अदालत में एक अन्य केस दायर किया है। चूंकि पत्नी को जबलपुर से दमोह जाने में दिक्कत होगी, अतः पति-पत्नी के विवाद संबंधी प्रकरणों को जबलपुर स्थानांतरित किए जाने की प्रार्थना है। हाई कोर्ट ने यह मांग स्वीकार कर ली।

# ग्रीन लेबल लगाकर बेचे प्रतिबंधित पटाखे

## सख्त कार्रवाई के एनजीटी ने दिए निर्देश

जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पटाखों के उत्पादन विक्रय पर जारी किए गए निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। आरोप है कि प्रतिबंधित पटाखों का उत्पादन खुले तौर पर हो रहा हे। प्रतिबंधित पटाखें ग्रीन पटाखों के नाम पर बेचे जा रहे है। ग्रीन पटाखों के डिब्बों पर लगा लेबल तथा "क्यू कोड" फर्जी निकल रहा है।

यह गंभीर कथन पैरा 25 में कर एनजीटी के जस्टिस शिवकुमार सिंह तथा एक्सपर्ट मेंबर डॉ.अपरोझ अहमद ने 12 जुलाई को डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा दायर अवमानना



याचिका पर सख्त निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट तथा एनजीटी के आदेशों का पालन नहीं करने वालों पर प्रदेश के सभी कलेक्टर दंडात्मक कार्रवाई करें, पर्यावरण मुआवजा राशि भी वसूलें।

एनजीटी ने जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल कलेक्टर को वायु गुणवत्ता की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश जारी किए है। याचिकाकर्ता डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, ने एनजीटी में अवमानना याचिका दायर की थी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मप्र शासन ने 31 अक्टूबर 2021 को सर्पुलर जारी कर पटाखों कि टेस्टिंग तथा पटाखे बेचने वालों से अंडरटेकिंग लेने के निर्देश सभी जिलों में भेजे थे। किन्तु यह केवल कागजी कार्रवाई की गई। इसी का नतीजा हुआ कि दिवाली के रात तथा दूसरे दिन आबोहवा खराब हुई। जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में खराब वायु से नागरिक स्वास्थ्य पर विपरित परिणाम हुआ। याचिकाकर्ता की ओर से एड.प्रभात यादव ने पैरवी की।

## रंगदारी नहीं देने पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत बदनपुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। युवक के दोस्त ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बदनपुर निवासी 21 वर्षीय अविनेश दुबे गत रात में काम करके अपने दोस्त आदित्य के साथ अपने घर जा रहा था। देर रात लगभग 12.30 बजे रवि चक्रवर्ती शराब पीने के लिए उससे 500 रुपए मांगने लगा, रुपए देने से मना करने पर रवि चक्रवर्ती गालीगलौज करने लगा, विरोध करने पर रवि ने चाकू से उसके पंजे व जांघ पर हमला कर घायल कर दिया। आदित्य ने बीच बचाव किया तो रवि ने आदित्य के साथ भी मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240